'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 157 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com



नेहरा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लिया जनता से आशीर्वाद

Page 3

किसानों की जमीन हड़पकर दामाद को खुश करने में लगे रहते थे हुड्डा, अब पंजाबियों को बाहरी बताकर अपमान कर रहे : मुख्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़/कलायत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कलायत विधानसभा में म्हारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली के दौरान कांग्रेस पर जोरदार प्रहार किया। नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा हमारा हिसाब मांगते घूम रहे हैं, लेकिन हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल के एक-एक मिनट का हिसाब मेरे पास है। किस तरह दलितों के घरों को जलाया गया, किस तरह युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ की गई। पंजाबियों पर अत्याचार किए गए।

नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा राज में भोले-भाले किसानों की जमीनों को कोडियों के भाव हड़प लिया जाता था और उल्टा किसानों पर ही केस दर्ज करवाकर दामाद को खुश करने में लगे रहते थे। ऐसे आदमी हमारा हिसाब मांग रहे हैं, जिनका खुद का हिसाब ही बिगड़ा पड़ा है। नायब सैनी ने कहा कि मैं पंजाबी समाज को नमन करता हूं, जिस पंजाबी समाज ने अपने खून से इस देश को सींचा है, उन पर कांग्रेस राज में कितने अत्याचार किए गए। अत्याचार सहकर भी वे देश को आगे बढ़ाने में लगे रहे, लेकिन आज कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र उसी पंजाबी समाज के बारे में कहते हैं कि ये हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते, हुड्डा ने पंजाबियों को बाहरी बताकर उनका अपमान किया है। पंजाबी समाज उन्हें माफ नहीं करेगा।

आशीर्वाद रैली
विधानसभा

मुख्यमंत्री नायब सैनी यहीं नहीं रुके और कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनता को बरगला रहे हैं और अनाप-शनाप झूठ बोल रहे हैं। हुड्डा भाजपा के 10 साल का हिसाब मांग रहे हैं, मैं कहना चाहूंगा कि मेरे 70 दिनों हिसाब भी इनसे सुना नहीं जाएगा। हमने जिस तरह मिशन मोड़ में काम करके युवाओं को नौकरी, किसानों के खाते में रुपये, सोलर पैनल, 100-100 गज के प्लॉट दिए हैं, उस तरह का काम हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में नहीं किया। जन आशीर्वाद रैली में जनता से खचाखच भरे पंडाल में नायब सैनी ने कपिल मुनि की धरती को नमन करते हुए कहा कि यहां मौजूद अपार जनसमूह को देखकर मुझे पूरा विश्वास को गया है कि पूरे हरियाणा में सबसे ज्यादा वोट से कलायत में ही कमल खिलेगा। नायब सैनी ने कहा कि 4 अक्टूबर को जब रिजल्ट आएगा तो हुड्डा को कोई भी सीट नहीं मिलेगी। रैली में सांसद नवीन जिंदल, विधायक कमलेश ढांडा, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, सुरेश संधू, रामपाल राणा, कुलविंदर राणा, कपिल दिक्षित, डॉ. मदन माथुर, संजय राणा, बबीता रानी, जयदीप राणा, अमरजीत सिंह, सुमन राणा, विनोद निर्मल, रोहित शर्मा, महिपाल चौशाला, महिपाल राणा, संजीव राणा, पूर्व विधायक तेजवीर, सुभाष, लीला राम गुर्जर, बंता राम आदि मौजूद रहे।

नलवा विधानसभा की म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में गरजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़/नलवा। नलवा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कांग्रेस पर गरजे और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब, अनुसूचित, पिछड़ों का शोषण किया है, महिलाओं को प्रताड़ित किया है, युवाओं में अविश्वास का भय उत्पन्न किया और सबसे ज्यादा शोषण किसानों का किया। हुड्डा प्रदेश के किसानों की जमीन हड़पकर दामाद को खुश करने में लगे रहते थे। अब उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं तो हिसाब मांगने निकल पड़े। नलवा विधानसभा की म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने जनमानस को हमेशा प्रताड़ित किया है। जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे तो बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी नहीं मिलती थी। गरीब परिवारों के युवा तो नौकरी ही नहीं लग पाते थे। कांग्रेस के शासन में किस तरह दलितों को निशाना बनाया गया, उनके घर जलाए गए किसी से छिपा नहीं। इन बातों का हिसाब भी हुड्डा प्रदेश की जनता को दें। नायब सैनी ने कहा कि पंजाबी समाज अपने घर जमीन छोड़कर भारत आ गए थे, लेकिन उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला, उस पंजाबी समाज को हुड्डा पिता-पुत्र बोल रहे हैं कि ये हमारी संस्कृति में मेल नहीं खाते। मैं कहना चाहूंगा कि आने वाली एक अक्टूबर को हुड्डा को पता लग जाना चाहिए कि उनकी संस्कृति से कौन मेल खाता है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हुड्डा के कार्यकाल में क्षेत्रवाद, परिवारवाद का बोलबाला होता था, लेकिल भाजपा ने बिना किसी भेदभाव, क्षेत्रवाद के बिना प्रदेश में हर विधानसभा में विकास करवाया और प्रदेश को आगे बढ़ाया। युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी दी। रैली में उमड़ी अपार भीड़ को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि भाजपा ने जन हित में जो फैसले लिए हैं उन्हें देखकर लगता है कि जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में भाजपा सरकार तीसरी बार बनने जा रही है।

रैली में स्वस्थ मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर हरियाणा विधानसभा रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, जवाहर सैनी, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, रणबीर पनिहार, वेद नारंग, आरएस वर्मा, दलबीर भारती, सतबीर वर्मा, ईश्वर मालीवाल, नरेश जांगड़ा, हिसार के मेयर गौतम सरदाना, जयबीर गुर्जर, सुरेंद्र बिश्नोई, अजय गावड़, भूप सिंह खिचड़, अनवेश यादव, बलजीत फौगाट, राजकुमार और स्वीटी बुरा मौजूद रहे।

जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नलवा में हुए विकास कार्य भी गिनवाए

मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि यहां दक्षिण पैरिफेर 27 करोड़ 73 लाख की लागत से बनाया गया। सड़कें बनवाई गई, मंगाली में 17.13 करोड़ से कॉलेज बनवाया गया, भोजराज में 15.40 करोड़ से 132 केवीए का पॉवर सब स्टेशन बनवाया, कैमरी से मंगाली तक चार लेन मार्ग बनावाया, गोरची से बहदाल सड़क को बनावाया। नायब सिंह सैनी ने पानी की समस्या को दूर करने के लिए भी भाजपा ने कदम उठाए और चौधरीवास में जलझार बनवाया व पेयजल कनेक्शन भी दिए गए। इसके साथ बहुत से विकास के काम नलवा हलके में करवाए। भीड़ को देखकर कहना चाहूंगा कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है और भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

विधानसभा आम चुनाव-2024 को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा स्थापित किया गया चुनाव सेल

24 घंटे संचालित किया जाएगा सेल, अलग-2 स्तर पर मॉनिटरिंग के लिए सेल में लगाए गए नोडल अधिकारी

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा चुनाव-2024 संपन्न करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय, सेक्टर-6, पंचकूला में चुनव सेल स्थापित कर दिया गया है। इस सेल के माध्यम से प्रदेश स्तर पर चुनाव का प्रबंधन किया जाएगा ताकि लोग भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि चुनाव सेल द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के साथ साथ चुनाव संबंधी कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। इस सेल के ओवरऑल इंचार्ज अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, संजय कुमार को लगाया गया है जबकि सुपरविजन के लिए स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर के रूप में पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा सौरभ सिंह को तैनात किया गया है। चुनावी खर्च की निगरानी तथा कानून एवं व्यवस्था संबंधी रिपोर्ट के लिए नोडल अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था हरदीप दून को लगाया गया है। इसके अलावा, प्रदेश के सभी जिलों में डीएसपी तथा एसीपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो पुलिस मुख्यालय में स्थापित किए गए चुनाव सेल में निर्धारित बिंदुओं बारे में रोजाना अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे।

चुनाव सेल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए श्री कपूर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में बनाए गए चुनाव सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार सँहिता के तहत जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती तथा इससे संबंधित मुद्दों को लेकर जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में क्रिटिकल (जटिल) बूथों की पहचान करते हुए वहां पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा। जिलों द्वारा रोजाना सीजर रिपोर्ट, चुनाव संबंधी शिकायतें, आदर्श आचार सँहिता की पालना संबंधी रिपोर्ट भी चुनाव सेल को भेजी जाएगी। इलेक्शन सेल 24 घंटे संचालित रहेगा। राजपत्रित अवकाश तथा छुट्टी वाले दिन (शनिवार व रविवार) को भी वहां पर स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रदेश में अलग-अलग स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। आदर्श आचार सँहिता की पालना तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे प्रदेश पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। श्री कपूर ने कहा कि प्रदेश में चुनाव आयोग की सी-विजिल एप के माध्यम से भी चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जा रही है। श्री कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में हरियाणा पुलिस का सहयोग करें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि लोग बिना डरे और बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।

आरक्षण पर डाका डाल रही है भाजपा सरकार: सैलजा

भाजपा के दलित विरोधी चेहरे की उतर रही हैं परतें

कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए लड़ेगी लड़ाई

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। भाजपा दलित विरोधी मानसिकता की शिकार है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार आरक्षण को समाप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी बाबा साहेबा डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने जारी एक बयान में कही है।

सांसद सैलजा ने कहा कि अभी भाजपा द्वारा लैटरल इंट्री में आरक्षण समाप्ति के प्रकरण के बाद अब कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के पदों के विज्ञापन में भी साफ तौर पर आरक्षण पर डाका डाला जा रहा है। संविधान की हत्या करने पर तुली दलित विरोधी भाजपा के चेहरे से रोज परत दर परत उतर रही है। आरक्षण को लेकर भाजपा की मंशा ठीक नहीं है।

यह आरक्षण खत्म करने की शुरुआत है क्योंकि इस लेटरल एंट्री में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं रखा गया था। सरकार का मानना था कि यह खुली भर्ती है, इसलिए कोई भी इन पदों के लिए अप्लाई कर सकता है। लाख टके का सवाल है कि जहां आरक्षण नहीं है वहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के कितने लोगों की एंट्री होती है। भारतीय सेना, अर्ध सैनिक बलों व खेल के क्षेत्र में आरक्षण नहीं है वहां आरक्षित वर्ग के लोगों की एंट्री ना के बराबर है। क्या आरक्षित वर्ग के लोग काबिल नहीं हैं।

भारतीय संविधान की धारा 341 में निहित कार्मिक सेवा एक्ट 1968 के तहत 45 दिन से अधिक दिन की सरकारी सेवा वाले पदों पर आरक्षण का प्रावधान किये जाने का प्रावधान है, जबकि लेटरल एंट्री में तीन या पांच साल की अवधि रखी गई थी। इतना ही नहीं उनकी सेवाओं के लिए डेपुटेशन बढ़ाया भी जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा प्रशासनिक सुधारों की आड़ में इस तरह का फैसला लेना कितना न्यायोचित है। यह सरकार की मंशा पर प्रश्न खड़े करता है। इससे पहले भी 2018 में 63 जॉइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों की बिना किसी परीक्षा के भरती की गई थी। इनमें भी आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इनमें से 35 अधिकारी निजी क्षेत्र से आए और इस समय 57 अधिकारी विभिन्न विभागों में काम कर रहे हैं।

सरकार द्वारा इस तरह से विभिन्न क्षेत्रों में बैक-डोर एंट्री करवाया जाना संविधान में प्रदत्त आरक्षण से छेड़छाड़ है। इतना ही नहीं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इंजीनियरिंग, कम्युनिकेशन, सूचना व अकाउंट्स सेवाओं सहित अन्य सेवाओं की डायरेक्ट भर्ती होती है। इस प्रकार से एक्सपर्ट अधिकारियों की नियुक्तियां की जाती हैं। इस सब के बावजूद फिर निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों की भर्ती के लिए लेटरल एंट्री की क्या आवश्यकता पड़ी थी। सरकार के इस फैसले ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लोगों के मन में सवाल खड़े किए हैं, जिससे असमंजस की स्थिति पैदा हुई है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार भी आरक्षण को समाप्त करने की तुली हुई है। प्रदेश में हरियाणा कौशल विकास निगम के तहत जो भर्तियां की गई थीं, उनमें भी आरक्षण का प्रावधान नहीं रखा। कुल मिलाकर भाजपा की सरकार आरक्षण पर डाका डाल रही है। ऐसी नीतियां बना रही है जिससे आरक्षण को खत्म किया जा सके, मगर सरकार यह भूल रही है कि संविधान में दिए गए आरक्षण को कोई भी खत्म नहीं कर सकता। कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों के अनुरूप आरक्षण, जातिगत जनगणना व सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने को प्रतिबद्ध है।

सेबी प्रमुख को पद से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

कांग्रेस ने ईडी कार्यालय का किया घेराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर हुए खुलासे के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने चंडीगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय से लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय तक पैदल रोष मार्च निकाला। कांग्रेसजनों ने हाथों में बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ईडी दफ्तर का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। पुलिस ने तानाशाही दिखाते हुए जबरदस्ती उनको रोका और लाठीचार्ज किया। इसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें आई। पुलिस ने ईडी ऑफिस के पास चौधरी उदयभान, सांसद जयप्रकाश जेपी, सांसद चौधरी वरुण मुलाना, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, कई विधायकों और वरिष्ठ नेताओं समेत करीब 500 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

चौधरी उदयभान ने पुलिसिया कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने सेबी प्रमुख के इस्तीफे की मांग की और कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस की आवाज को दबा नहीं सकती। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का मामला मोदी के दोस्त अडानी से जुड़ा है, इसलिए प्रधानमंत्री चुप हैं। उनकी यह चुप्पी शेयर मार्केट से जुड़े करोड़ों लोगों के विश्वास को तोड़ रही है। पूरे मामले को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से करवाई जानी चाहिए। उन्होंने सवाल पूछा कि जो ईडी विपक्षी नेताओं पर झूठे केस बनाती है, वह हिंडनबर्ग के इतने बड़े खुलासे के बाद भी चुप क्यों है ?

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद हमारे नेता राहुल गांधी ने संसद के अंदर भाजपा सरकार का चेहरा बेनकाब कर दिया था। अडानी और मोदी के संबंधों के बारे में सवाल उठाए थे। पूछा था कि अडानी ग्रुप में 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश किसने किया था। उस रिपोर्ट पर भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था। इससे शेयर मार्केट गिर गया था और अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच सेबी को दी। अब हिंडनबर्ग की दूसरी रिपोर्ट से फिर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जिस सेबी प्रमुख को जांच सौंपी गई थी, वह और उनके पति खुद अडानी की कंपनियों में संलिप्त हैं। देश जानना चाहता है कि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच ने अडानी समूह की जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट और जांच समिति से अडानी की कंपनी में शेयर होने की बात को क्यों छुपाई ?

माधवी बुच को बताना चाहिए कि पद पर आने से पहले उनकी कंपनी को अडानी के शेयरों से कितना लाभ हुआ और पति के नाम कंपनी करने के बाद उनसे कितना लाभ हुआ है ? माधवी बुच को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस सरकार से जेपीसी की मांग कर रही है, लेकिन मोदी सरकार लगातार हमारी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। क्या मोदी इसलिए चुप हैं क्योंकि अडानी उनके दोस्त हैं या उनकी कंपनी में मोदी का भी हिस्सा है ? प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़कर सेबी प्रमुख को पद से हटाना चाहिए।

चौधरी उदयभान ने कहा कि देश में आज जांच एजेंसी ईडी, सीबाआई और इनकम टैक्स का प्रयोग विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। विपक्ष की सरकार को गिराने में इन एजेंसियों का प्रयोग किया जा रहा है। विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और जो भाजपा में चला जाता है, वह पूरी तरह से साफ हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट की साख भी दांव पर है। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में संज्ञान लेकर दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज हर मोर्चे पर प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है। प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और अपराध बेलगाम हो चुका है। पर्चे लीक हो रहे हैं और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सरकार आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। वहीं, हम दस साल पहले के कांग्रेस कार्यकाल की बात करें तो प्रदेश प्रति व्यक्ति निवेश, प्रति व्यक्ति आय, विकास, खेल और महिला सुरक्षा में नंबर एक पर था। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के बीच जाकर इस जनविरोधी भाजपा सरकार का चेहरा बेनकाब करें। इस सरकार को जड़ से उखाड़ने का काम करें।

आज प्रदर्शन में विधायक जगबीर मलिक, गीता भुक्कल, जयवीर वाल्मीकि, बिशनलाल सैनी, मेवा सिंह, वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, सुभाष चौधरी, लहरी सिंह, जसबीर मलौर, अर्जुन सिंह, राकेश कंबोज, दिल्लू राम बाजीगर, सुखबीर फरमाणा, मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा, सूरजभान काजल और अंकुर गुलाटी समेत कई नेता व हजारों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

चुनाव के संबंध में मांगी गई जाने वाली सूचनाएं जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएं अधिकारी - जिला निर्वाचन अधिकारी

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने जिला में सभी विभागों के अधिकारी बोर्ड, निगम, सरकारी व अर्ध सरकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि विधानसभा चुनाव-2024 के संबंध में मांगी जाने वाली जरूरी सूचनाएं को बिना किसी विलंब के जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएं। सूचनाएं देने में ढिलाई बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर सरकारी, अर्द्ध सरकारी, बोर्ड व निगम आदि से समय-समय पर जरूरी सूचनाएं मांगी जाती हैं, जिनको निर्धारित समय पर भिजवाना जरूरी होता है। ऐसे में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सूचनाएं प्रदान करने में ढिलाई न बरतें। मांगी जानी वाली जानकारी तुरंत प्रभाव से दें।

जिला निर्वाचन अधिकारी आवश्यक जानकारी अविलंब उपलब्ध कराने के साथ-साथ जिला के सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि वे उनकी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। इसके साथ ही अपने-अपने कार्यालय में स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि किसी भी जरूरत के समय उनसे जरूरी कार्य लिया जा सके। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी के प्रति लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा चुनाव आयोग को लिखा जाएगा। ऐसे में अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारी भी अपनी-अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर व वफादार रहे।

शादी समारोह में हथियार लहराकर फैलाई दहशत, 8 आरोपी गिरफ्तार।

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। थाना माडल टाऊन पुलिस ने शादी समारोह में हथियार लहराकर दहशत फैलाने के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाईसेंसी 8 राइफल व 3 पिस्टल बरामद कर ली है। पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी। जांचकर्ता ने बताया कि विकास नगर रेवाड़ी निवासी सुरेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था की उनका पोसवाल चौक रेवाड़ी के नजदीक श्री श्याम वाटिका के नाम से समारोह स्थल है। दिनांक 15 जुलाई 2024 को गांव कोनसीवास निवासी ईश्वर सिंह ने अपनी बेटी की शादी के लिए उनकी वाटिका बुक करवाई थी जिसको उन्होंने वाटिका की सभी शर्तें बता दी थी। जब शादी समारोह में बारात आई तो बारात में 20-25 व्यक्ति लाईसेंसी हथियार लेकर आए थे जिनको उन्होंने काफी समझाया की इस तरह भीड में हथियार लेकर नहीं आ सकते लेकिन उन्होनें उनकी बात नहीं सुनी और सभी हथियारों सहित समारोह में शामिल हो गए। जिस कारण शादी में आए हुए व्यक्तियों में दहशत का माहौल बन गया। जो बाद में उन्हें पता चला की शादी में जो दुल्हा आया था उसका नाम आकाश है जो अपराधिक प्रवृत्ती का व्यक्ति है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में 08 आरोपी राजस्थान के जिला चुरू के गांव पाबुसर हाल भगवान बाहुबली नगर जयपुर निवासी राजुसिंह, यूपी के जिला आगरा के गांव करकोली हाल हसनपुरा एनबीसी गेट जयपुर निवासी संजय सिंह, राजस्थान के जिला जयपुर के सेक्टर 17 प्रतापनगर निवासी गोपाल सिंह, जिला महेंद्रगढ़ के गांव खेडी हाल लालचंदपुरा जयपुर निवासी शमशेर सिंह, जिला रोहतक के गांव जसिया निवासी सुरेन्द्र, जिला रोहतक के गांव भालोठ निवासी अजय, जिला सोनीपत के गांव जसराना निवासी संदीप कुमार व जिला रोहतक के गांव रूडकी निवासी जगदीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

पिता -पुत्र को सता रहा है टिकट कटने का डर :सत्यदेव यादव

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

प्रदेश में चुनाव का बिगुल बज चुका है, राजनैतिक पार्टियां अभी अपने उम्मीदवारों के चयन में जुटी हैं वहीं कैप्टन अजय सिंह यादव ने जल्दबाजी में बिना हाईकमान की इज्जाजत के अपने पुत्र की 9 सितम्बर को नामांकन भरने की तिथि भी घोषित कर दी, इस से साफ जाहिर है कि कैप्टन अजय सिंह यादव को डर है कि कहीं उनके बेटे की उनकी तरह ही टिकट न कट जाए क्योंकि कैप्टन का अपनी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से छत्तीस का आंकड़ा रहा है। भाजपा के महामंत्री सत्य देव यादव ने यह भी कहा कि नामांकन की घोषणा से कांग्रेस पार्टी के ही एक आलाकमान पदाधिकारी ने तंज भी कसा है कि कैप्टन परिवार अति आत्मविश्वासी हो रहा है। सत्यदेव ने कहा की कैप्टन कभी अपने आप को बार बार सीएम बनने की बात करते रहे है और अब बेटा डिप्टी सीएम के ख्वाब देख जनता व अपने कार्यकताओं को भ्रमित कर रहा है। यह परिवार सिर्फ शोसेबाजी में विश्वास रखता है और लोगों को मूर्ख बंनाने का कार्य करता है। अब जनता इनके बहकावे में नहीं आएगी। भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने मात्र 1-2 माह के कार्यकाल में ही प्रदेश की जनता की समस्याओं का हल कर उनका दिल जीत लिया है। प्रदेश में फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

पदयात्रा में विधायक चिरंजीव राव को मिल रहा भरपूर समर्थन।

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रेवाड़ी से कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव द्वारा डोर टू डोर कर पूरे शहर में की जा रही पदयात्रा में भारी समर्थन मिल रहा है। शहरवासी अपने घरों से निकल निकल कर चिरंजीवी राव का स्वागत कर रहे हैं और जीत के लिए आशीर्वाद दे रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक चिरंजीव राव आज रेवाड़ी शहर के वार्ड नंबर 14 में पहुंचे और पूरे वार्ड में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क किया। शहर में जगह-जगह फूल मलाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत हुआ। विधायक चिरंजीव राव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया रेवाड़ी शहर में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जनसंपर्क तो हो ही रहा है साथ-साथ शहर की एक-एक समस्या से भी रूबरू हो रहा हूं। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद हर समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। इस दौरान विधायक चिरंजीव राव ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में ऐतिहासिक भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा सरकार के मंत्री तक भी इस बात को मानने लगे हैं और एक दूसरे से ही हिसाब मांगने लग गए हैं। वहीं वित्त मंत्री जेपी दलाल द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक विधायक चिरंजीव राव ने कहा भाजपा सरकार तो पिछले 10 साल से लोकतंत्र की हत्या कर ही रही है, भाजपा तो संविधान को बदलने की भी बात कर रही थी। जेपी दलाल द्वारा जनता की चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने का बयान देकर उन्होंने स्वयं मान लिया कि इस बार हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाने जा रही है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा में सरकार भी बनाएगी और अपना शासन काल भी पूरा करके दिखाएंगे।

दिहाना में आफताब को बड़ी सफलता, मौजूदा सरपंच सहित कई पूर्व सरपंच कॉंग्रेस में शामिल

अनिल मोहनियां नूंह

नूंह में कांग्रेस मजबूत, आफताब की पांच सालों की मेहनत को सराह रहे लोग गुरुवार को नूंह विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को बड़ी सफलता मिली जब गांव के मौजूदा सरपंच सहित तीन पूर्व सरपंच सहित सैंकड़ों लोगों ने बीजेपी सहित अन्य दलों को छोडकर कांग्रेस में आस्था व्यक्त की। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद का गांव के लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए उनकी व कांग्रेस की विचारधारा में अपना भरोसा जताया। इस दौरान लगभग 5 किलोमीटर पैदल जुलूस में युवाओं ने कांग्रेस नेता आफताब अहमद का जोरदार स्वागत किया। महिलाओं, बुजुर्गों में भी गर्मी में गजब का उत्साह दिखाई दिया। विधायक आफताब अहमद ने लोगों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर नूंह जिले के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जायगी। यहां के युवाओं के लिए विश्वविद्यालय और पढ़ाई पूरी कर चुके युवाओं को रोजगार दिया जायगा। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए मेवात कैनाल, जिले की सिंचाई को पूरा गुणवत्ता पूर्ण पानी दिलाने का आश्वासन दिया। इन लोगों ने बीजेपी, इनेलो आदि दलों को छोडकर कांग्रेस में जताई आस्थाः शमीम सरपंच, आलम ठेकेदार, हाजी जान मोहम्मद पूर्व सरपंच, नियाजू पूर्व सरपंच, हाजी यामीन पूर्व सरपंच, जमशेद ठेकेदार, अल्ताफ, शहादत, हाजी जावेद, हाजी आमीन दादा, यूसुफ, सद्दाम, हक्कू, असलम आदि के परिजनों ने कांग्रेस पार्टी जॉइन की। इस दौरान अजमत पूर्व सरपंच, फराहीम, जानू पटवारी, ईमरान पटवारी, शैरखान, जाकिर मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल रहे कांग्रेस में शामिल हुए लोगों ने कहा कि बीजेपी के दस साल नूंह जिले के लिए निराशाजनक रहे हैं। बीजेपी सरकार व स्थानीय बीजेपी नेताओं ने बुरे समय में लोगों की कोई सुध नहीं ली जिस कारण लोग उनके असली चेहरे को समझ गए हैं और कांग्रेस विधायक आफताब अहमद व कांग्रेस की नीति, नियत और नेतृत्व में यकीन जता रहे हैं। लोगों ने कहा कि मौजूदा विधायक अपने कार्यकाल में हर मुद्दे पर इलाके और स्थानीय लोगों व समाज के साथ खड़े नजर आए हैं जबकि बीजेपी व अन्य दलों के नेता उस दौरान गायब रहे थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दिहाना गांव के लोगों ने जिस तरह से आज स्वागत, समर्थन और सम्मान दिया है उसके लिए वो शुक्रगुजार है और यहां के लोगों को विकास के प्रति आश्वासित करते हैं, इनके मान सम्मान में कोई कमी नहीं रहने देंगे, कांग्रेस परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है हम सभी को साथ लेकर चलेंगे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी ने दस सालों में इलाके में कोई विकास के कार्य नहीं किए ब्लकि कांग्रेस की परियोजनाओं को लटकाते रहे। उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार नेताओं के बीते पांच सालों में स्वार्थ से भरे कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि निजी फायदे लेने के लिए इलाके के साथ विश्वासघात हुआ है। जनता के बीच बीजेपी उम्मीदवार जाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं क्योंकि नूंह जिले के लोग उनसे उनके कार्यकाल का हिसाब मांग रहे हैं लेकिन बीजेपी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं है विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वो हर विपत्ति चाहे कोरोना काल हो, नूंह हिंसा हो, जिले के साथ अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा में संघर्ष हो लोगों के हकों के लिए संघर्ष करते रहे हैं उन्होंने कहा कि आगे भी वो इलाके के हितों को सर्वोपरि मानते हुए ही कार्य करेंगे। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर प्रचंड बहुमत की सरकार बना रही है और नूंह जिले की पांच सीटों पर भी कांग्रेस क्लीन स्वीप करने जा रही है। उन्होंने कहा कि मेवात की जनता ने हमेशा झूठ को हराने का काम किया है फिर चाहे अंग्रेज हों या ये मौजूदा बीजेपी सरकार। इस दौरान कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस से जुड़े सभी लोग मौजूद रहे।

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा लाइसेंसधारकों को हथियार जमा करवाने के दिए निर्देश

अनिल मोहनियां नूंह

जिला में आगामी 01 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के आधार पर निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए लाइसेंस धारकों को अपने हथियार जमा करवाने के आदेश दिए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को अपने साथ आग्नेय शस्त्र व अन्य प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। ये आदेश 06 अक्तूबर 2024 तक या चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने तक लागू रहेंगे

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने आर्म्स एक्ट 1959 के अनुसार जिला के सभी लाइसेंस धारकों को आदेश दिए गए है कि वे अपने हथियार अपने नजदीकी पुलिस थानों में अथवा मंजूरशुदा आर्म डीलर के पास जमा करवाएं और संबंधित थाने के एसएचओ या डीलर की ओर से जारी की गई हथियार जमा करवाने की रसीद अवश्य लें। उन्होंने कहा कि 06 अक्तूबर तक या चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक जिले के अंदर नागरिकों द्वारा आग्नेयास्त्र, तलवार, बरछा, भल्ला, चाकू, लाठी, साइकिल-चेन और अपराध के अन्य हथियार ले जाने पर भी पूर्णतय प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश पुलिस विभाग व अन्य सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर जो अपनी ड्यूटी पर तैनात हो, उन पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इन आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

विनेश फौगाट के सम्मान समारोह में मेवात की खाप भी लेंगी भाग

मेवात विकास सभा विनेश फोगाट का 25 अगस्त को करेंगे सम्मान।

अनिल मोहनियां नूंह

पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली देश की बेटी पहलवान विनेश फौगाट का आगामी 25 अगस्त को खाप पंचायत द्वारा किया जा रहा सम्मान समारोह खास है। इस खाप पंचायत के सम्मान समारोह में मेवात जिले की खाप पंचायत को भी न्यौता दिया गया है। इस पंचायत में मेवात का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा और एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनेगा। इस बात को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नूंह में खाप पंचायत से जुड़े हुए लोगों ने बैठक की। बैठक के बाद सिद्दीक अहमद मेव इतिहासकार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विनेश फौगाट पहली महिला पहलवान है, जिसने एक ही दिन में तीन बड़े पहलवानों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, लेकिन दुर्भाग्यवश वह डिसक्वालीफाई हो गई, लेकिन देश की बेटी का वतन लौटने पर शानदार तरीके से स्वागत किया गया। इसके अलावा आगामी 25 अगस्त को खास पंचायत ने विनेश फौगाट को गोल्ड मेडल देने का फैसला लिया है। इस क्षण को यादगार बनाने के लिए प्रदेश भर की खाप पंचायतें भाग ले रही हैं। नूंह जिले की खाप पंचायत भी इस सम्मान समारोह में शिरकत करेंगी। बैठक में अख्तर हुसैन चंदेनी, सिद्दीक अहमद मेव, दीन मोहम्मद मामलीका, रमजान चौधरी एडवोकेट सहित खाप पंचायत व समाज सेवा से जुड़े हुए लोगों ने भाग लेकर यह फैसला लिया है कि एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा और विनेश फौगाट का स्वागत सम्मान करेगा। कुल मिलाकर विनेश फौगाट भले ही 100 ग्राम वजन की वजह से डिसक्वालीफाई होने के चलते बिना मेडल वतन लौटी हों, लेकिन आज विनेश फौगाट हर दिल में समाई हुई है। यही वजह है कि उनका प्रदेश भर की खाप पंचायतें भव्य स्वागत समारोह करने जा रही हैं। यह पहला अवसर होगा, जब किसी इतने बड़े कार्यक्रम में मेवात जिले की खाप पंचायतें भी भाग लेंगी और इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनेंगी।

रक्तदान से बढ़कर नहीं है कोई दान: जिला उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ

जिला रैडक्रॉस सोसायटी
पलवल
आपका हार्दिक स्वागत
करती है।

ज्योति खंडेलवाल/पलवल :- नागरिक हस्पताल के रक्तकोष मे रक्त की कमी को मद्देनजर रखते हुए जिला उपायुक्त एवम प्रधान हरीश कुमार वशिष्ठ जिला रैड क्रॉस सोसायटी पलवल के निदेशानुसार रैड क्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत के कुशल मार्गदर्शन में जिला रैड क्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं की सहायता से आज दिनांक 22-08-2024 को नागरिक अस्पताल, पलवल के रक्त कोष में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी पलवल तथा पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयुक्त तत्वावधान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे 30 युवाओं में से 23 प्रशिक्षणर्थियो ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ जिला रैड क्रॉस सोसायटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सोरोत और पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज की सह संयोजिका व जिला रेड क्रॉस पलवल प्रशिक्षण प्रवक्ता अल्पना मित्तल ने किया। रक्तदाताओं को रक्तदाता बैज लगाते हुए सचिव ने उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और ये दान अमूल्य होता है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह द्वारा बताया कि गर्मी के मौसम में सरकारी ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया

ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाने पाए, शिविर के सफल आयोजन में पलवल डोनर्स क्लब से अल्पना मित्तल एवं विकास मित्तल एवं रेड क्रॉस संस्था की लेखाकार अंजली भयाना, सूर्यकांत, भोज पाल, भूरी एवम ब्लड बैंक पलवल से डॉक्टर सरफराज, ब्लड बैंक इंचार्ज सोनिया एवम नर्सिंग ऑफिसर सोमेश का विशेष योगदान रहा।

कांग्रेस कुछ दिनों में आ जाएगी सड़कों पर कांग्रेस में होगा बड़ा विवाद

सोहना

इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभयसिंह चौटाला आरक्षण को दो वर्गों में बांटना कांग्रेस की देंन हिसाब मांगने की राजनीति पर कहा कि इन दोनों पार्टियों का हिसाब तो मैं करूंगा

राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस कुछ दिनों में सड़कों पर आ जाएगी कांग्रेस में बहुत बड़ा विवाद होगा एक-एक हल्के से 50-50 लोगों को कैंडिडेट बनाया हुआ है जैसे ही उनकी छटनी होगी । पार्टी में एक साथ भगदड़ मच जाएगी। इंडियन नेशनल पार्टी व बसपा की सरकार हरियाणा में बनेगी। पार्टियो द्वारा एक दूसरे का हिसाब मांगने के सवाल पर कहा कि बीजेपी और कांग्रेस का हिसाब में करूंगा। आरक्षण में दो वर्गों को लेकर कहा कि यह कांग्रेस की देंन व कहा कि सरकार वर्गो को लडाना चाहती है इसकी शुरूआत कांग्रेस के समय में हुई थी उसके बाद कोर्ट में चले गए कोर्ट से ऐसा फैसला आ गया कि देश के लोगों में आपस में बटवारा हो गया।वह नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि बसपा का मुकाबला किस पार्टी से होगा इसका फैसला जनता करेगी। बसप्पा के रणधीर बेनीवाल इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला सोहना की अनाज मंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित कर रहे थे इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि इनेलो बसपा की सरकार आने पर लोगों को सरकार की तरफ से फ्री में सिलेंडर मुहैया कराया जाएगा मैं जो भी सरकार द्वारा आईडी बनाई गई है उन्हें समाप्त कर दिया जाएगा

घर-घर में बिजली फ्री देने के लिए सोलर लगाए जाएंगे कौशल योजना को पूरी तरह से सरकार आने पर समाप्त कर दिया जाएगा इस मौके पर इनेलो के वरिष्ठ नेता रोहतास खटाना जावेद अहमद बसपा के जिला अध्यक्ष विजय खटाना राकेश चेयरमैन तावडू आदि मौजूद थे

मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप प्लान तैयार, अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करेगा अभियान

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में स्वीप गतिविधियां भी शुरू हो चुकी हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए योजना तैयार की गई है जिसके अनुसार ही जिले में व्यापक स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी मतदाताओं को उनके मतदान अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, ताकि आगामी चुनावों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी दी कि स्वीप गतिविधियों के लिए एक विस्तृत प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। ये गतिविधियाँ मतदाता शिक्षा, प्रशिक्षण और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं को कवर करेंगी, जिससे हर वर्ग के लोगों को चुनाव प्रक्रिया और उनके मतदान अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सके। इस अभियान की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी अतिरिक्त जिला उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक को सौंपी गई है। प्रदीप सिंह मलिक स्वीप गतिविधियों की नोडल अधिकारी के रूप में काम करेंगे और उनके दिशा निर्देश में यह अभियान चलाया जाएगा। उनके नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और अन्य सामाजिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा।

डिजिटल मीडिया के इस्तेमाल पर रहेगा फोकस, जनसभा, कार्यशाला होंगी आयोजित

स्वीप की भूमिका और महत्व उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि स्वीप गतिविधियां मतदाता जागरूकता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है, जिससे चुनावों में व्यापक और सक्रिय भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनावों के दौरान भी जिले में बड़े स्तर पर प्रभावी स्वीप अभियान चलाया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले थे।

उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से लोगों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी,

जिसमें जनसभा, कार्यशालाएं, पोस्टर और डिजिटल मीडिया का उपयोग शामिल होगा।

नेहरा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लिया जनता से आशीर्वाद

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनावों के लिए बिगुल बजा दिया है।

इस दौरान विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के लिए उन्होंने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया हुआ है। इस कड़ी में वह घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करते हुए जनता का आशीर्वाद ले रहे हैं।

बिजेंद्र नेहरा ने बताया कि सुबह की शुरूआत और जनसंपर्क अभियान के तहत वह हर रोज अपने गांव सागरपुर से शुरू करते हैं और फिर पृथला विधानसभा के गांव-गांव जाकर लोगों से विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन की अपील करते हैं। इस दौरान वह अपने छोटे भाई नरेन्द्र नेहरा और टीम के संग पृथला विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर बिल्लोच, बढ़राम, कटेसरा, डाड़ोता, अमरपुर, आजाद नगर, कुरारा, खजूरका, नया गाँव आदि गाँवो में घर घर जनसंपर्क करके आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कैब ड्राइवर 2 दिन की हड़ताल पर

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। ओला, उबर, रैपिडो, इन-ड्राइव में टैक्सी ड्राइवर चालक दो दिन की हड़ताल पर चले गए। टैक्सी ड्राइवरों ने विरोध जताते हुए कहा कि जिस तरह से दिल्ली में काली नंबर प्लेट और पीली प्लेट की गाड़ियों पर 17 रुपए किलोमीटर की राइट से चलती है। ऐसे ही सभी टैक्सी ड्राइवर को भी राइड मिलना चाहिए। ओला, उबर और इन ड्राइवर ऐप कंपनियां इंटर डिस्ट्रिक्ट में 8 रुपए किलोमीटर दे रही है। इतने में टैक्सी ड्राइवर का गुजारा नहीं हो सकता। क्योंकि ज्यादातर ऐसे ड्राइवर हैं, जिनकी गाड़ियां फाइनेंस पर है। जिसकी किस्त भी उन्हें देनी होती है। फाइनेंस पर चलने वाली गाड़ियां का एक किस्त 15 से 18 हजार रुपए है, अगर 8 रुपए किलोमीटर के हिसाब से राइट मिलेंगी तो उनका गुजारा और गाड़ी का किस्त कैसे निकलेगा। गाड़ियों का मेंटेनेंस का खर्चा भी 3 से 4 हजार रुपए है। ऐसे में सीएनजी भी दिल्ली के मुकाबले हरियाणा में महंगी है दिल्ली में 75 रुपए है तो हरियाणा में 85 रुपए है। हमारी एक ही मांग है कि जितनी भी ऐप वाली कंपनियां है, जो टैक्सी ड्राइवर को राइट देती है। इन सभी ऐप कंपनियों को सरकार अपने दायरे में ले और एक फिक्स किलोमीटर तय कर उन्हें राहत दी जाए। फिलहाल आज की हड़ताल सिर्फ दो दिन यानी 22-23 के लिए है। इसके बाद भी अगर ओला, उबर, इनड्राइव या रैपीडो हमारे किलोमीटर के रेट को नहीं बढ़ती है। तो यह हड़ताल ओर भी आगे बढ़ा दी जाएंगी।

हेल्थ केअर ऑन व्हील्स ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। संभार्य फाउंडेशन और विक्टोरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पलवल जिले के हथीन खंड के गांव नांगल जाट में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर हुआ। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया विक्टोरा फाउंडेशन द्वारा संस्था को एक प्राथमिक स्वास्थ्य जांचे, मुफ्त चिकित्सा सुविधा दवाईयों सहित व मुफ्त आँखों की जाँच के लिए मोबाइल हेल्थ की शुरूवात की गयी है। जिसके लिए वे विक्टोरा ग्रुप के मालिक एचएस बांगा, हेड - अजय सोमवंशी के आभारी हैं। संस्था के वाईस प्रेसिडेंट दीपक डागर ने बताया कि पूर्व विधायक कहर सिंह रावत के घर पर शिविर की शुरूवात हुई और 107 लोगो ने स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया ओर जिसमें 17 लोगो के खून सम्बन्धी जांच भी हुई। संस्था अगले 09 दिन भी हथीन खण्ड के गॉवो में ही कैम्प लगाएगी। संस्था की तरफ से डॉ रविता, डॉ साहिल देशवाल, नर्स सुनीता, लैब तकनीशियन मनीषा, प्रोजेक्ट जनरल मैनेजर तेजराम कुंडू, कम्युनिटी रिलेशनशिप ऑफिसर कृष्ण, साहिल जी मौजूद रहे।

पीड़ित को न्याय मिलेः आईएमए

समाचार गेट/कविता

फरीदाबा। एनएच-तीन स्थित ईएसआई मेडिकल कालेज फरीदाबाद में लगातार न्याय की गुहार करते हुए जूनियर डॉक्टरों के द्वारा हड़ताल की जा रही है। जिनसे मिलने के लिए सीनियर डॉक्टरों का एक दल गया। इस विषय में जानकारी देते हुए डॉ सुरेश अरोड़ा ने बताया कि जैसा कि सभी को विदित है कि कोलकाता में हुई एक युवा डॉक्टर की बलात्कार के बाद निर्मम हत्या के बाद पूरे देश में बहुत ही रोष है। सभी डॉक्टर सरकार से मांग कर रहे हैं कि पीड़ित को न्याय मिले और सभी डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए एक कड़ा केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए काम करने के सुरक्षा का माहौल होना चाहिए, जिससे कि वह निडर हो अपना कर्तव्य निभा सकें। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ पुनीता हसीजा, पूर्व अध्यक्ष आई एम ए हरियाणा, डॉ सुरेश अरोड़ा, अध्यक्ष नर्सिंग होम्स एसोसिएशन फरीदाबाद, डॉ अजय कपूर, पूर्व उप अध्यक्ष आई एम ए फरीदाबाद, डॉ संदीप मल्होत्रा, डॉ प्रेम मग्गू, डॉ हर्ष नॉदनी, डॉ हेमंत अत्री, डॉ रेखा मिश्रा,डॉ नीता दबाई, डॉ सरोज मग्गू शामिल थे। उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टर्स को पूरी आर्थिक सहायता का भी आश्वासन दिया।

तस्करों ने थाने के सामने से चुराई गाय

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। जिले में सेवा सुरक्षा और सहयोग का हरियाणा पुलिस का नारा सफेद हाथी की तरह साबित हुआ। क्योंकि पुलिस थाने में सोती रही और थाने के सामने से गो तस्कर गाय को उठा कर ले गए। घटना बीती रात की है, जब सारन थाने की पुलिस सोती रह गई और गौ तस्कर ठीक थाने के सामने से बेधड़क होकर एक गाय को काबू कर लिया और फिर उसे एक साथ लाए कैंटर में लोड करके मौके से फरार हो गए। इसकी वीडियो बजरंग दल के कार्यकर्ता ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। मोबाइल में वीडियो कैद कर रहे बजरंग दल के कार्यकर्ता ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए न केवल वीडियो बनाई। बल्कि उन्हें रोकने का प्रयास भी किया, बजरंग दल के कार्यकर्ता ने बड़े ही बहादुरी से उनसे अकेले लोहा लेने की कोशिश की।

विधानसभा चुनाव को फ्री एंड फेयर करवाने के बने भागीदार : सतबीर मान

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि विधानसभा के आम चुनाव, 2024 के सम्बन्ध में आज सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और रिटर्निंग अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में चुनाव बेहतर क्रियान्वयन के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार विस्तृत जानकारियां दी गई। बैठक में बीजेपी से अश्विनी गुलाटी, वी के खन्ना, घनश्याम गुप्ता, जेजेपी से प्रेम सिंह धनकड़, प्रदीप चौधरी, सीपीएम से वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बीएसपी से एन.पी सिंह, आईएनएलडी से आर.एस रौतेला सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजपत्र अधिसूचना जारी करने की तिथि 05 सितम्बर 2024, नामांकन भरने की अंतिम तिथि -12 सितम्बर, नामांकन की जांच की तिथि 13 सितम्बर, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024 तथा मतदान की तिथि 01 अक्टूबर और मतगणना की तिथि 04 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिना अनुमति के अगर उम्मीदवार के समर्थक भी खर्चा करते है, तो उनके विरुद्ध भी कार्यवाही होगी। चुनाव के दौरान कोई भी जनसभा, बिना परमिशन के नहीं की जाएगी। वाहन, लाउडस्पीकर आदि सभी की परमीशन प्राप्त करके चुनाव कार्य करवाया जाए। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या प्रत्याशी को पहले ही कार्यक्रम के बारे में पुलिस अधिकारियों को सूचना देनी होगी। ताकि वह शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने का पर्याप्त इंतजाम कर सकें। रैली व रोड शो के समय ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जाए। चुनाव जुलूस की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए।

यह होगी चुनाव के लिए खर्च और जमानत राशिः

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार विधानसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव के समय राशि रुपए- 40.00.000/- (चालीस लाख रुपए) अपने चुनाव आदि पर खर्च कर सकते हैं। विधानसभा के चुनाव में जनरल कैटेगरी उम्मीदवार द्वारा रुपए 10,000/- और एससी/एसटी के लिए 5,000 रुपए की राशि जमानत के रूप में जमा करवानी होंगी।

एलआईसी पॉलिसी खरीदने का सही है वक्त, चूकने न दें मौका : खट्टर

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। भारतीय जीवन बीमा निगम के बल्लभगढ शाखा की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नीता खट्टर ने कहा कि देश की 140 करोड की आबादी में से 30 करोड लोगों का ही बीमा है, इसलिए इस क्षेत्र में व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं। अभिकताओं को चाहिए कि वे वे घर घर बीमा पहुंचाकर आम नागरिक के जीवन को सुरक्षित और सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएं। खट्टर एस्कार्ट्स मुजेसर मेट्रो स्टेशन के समीप होटल में आयोजित अभिकर्ता सम्मान समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहीं थीं। सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ विकास अधिकारी नमीश खट्टर की ओर से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतमयी भजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पहुंचने पर महिला अभिकर्ता व अन्य ने वरिष्ठ शाखा प्रबंधक खट्टर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर सहायक शाखा प्रबंधक कपिल भारद्वाज व राम चंद्र प्रसाद के अलावा काफी संख्या में 12 जे शाखा के अभिकर्तागण मौजूद रहे।

वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नीता खट्टर ने अभिकताओं में जोश भरते हुए कहा कि हर किसी कामयाबी के पीछे संघर्ष होता है। हमें इस प्रोफेसन की अहमियत समझना बहुत जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विकास अधिकारी नमीश खट्टर को बधाई देते हुए अभिकताओं की हौसला अफजाई की।

शाखा प्रबंधक द्वारा अंत में शाखा के वरिष्ठ अभिकर्ता एवं बेहतर कार्य के आधार पर अभिकताओं समारोह में बेहतर कार्य करने वाले अभिकताओं राम सकल, शिव शंकर, संजीव कुमार झा, शंकर, सत्यपाल सिंह चौहान समेत काफी संख्या में अभिकताओं को सम्मानित किया गया। आयोजक नमीश खट्टर ने सभी अभिकताओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक शाखा प्रबंधक कपिल भारद्वाज व राम चंद्र प्रसाद ने अभिकताओं को नई एवं लाभकारी पालिसी जीवन शान्ति, जीवन उत्सव, निवेश प्लस एवं इंडेक्स प्लस के बारे में विस्तार से समझाते हुए इनसे मिलने वाले लाभों व पॉलिसी करने के तरीकों से अवगत कराया।

सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने 1000 से अधिक विद्यार्थियों को किया जागरुक

2024.08.22 10:54

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेवला महाराजपुर तथा शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, सेक्टर 21ए में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना में घायलों की हर संभव मदद करने, साइबर अपराध से बचने और उसे रोकने के उपाय, डायल 112 और 112 इंडिया ऐप के उपयोग तथा साइबर क्राइम से संबंधित मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, उन्हें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से अपनी सुरक्षा और अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय भी बतलाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक जागरुक नागरिक के रूप में तैयार करना और उन्हें समाज में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाना था। सभी विद्यार्थियों ने इस अवसर पर एक सशक्त और जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम से उम्मीद की जाती है कि यह आने वाले समय में हमारे समाज के युवा सदस्यों को जागरुक और जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

560 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सोहिल नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है जिसे अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान 3 नंबर मस्जिद के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 560 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में अभियोग पंजीकृत करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने बताया कि वह यह नशा दिल्ली की लोहा मंडी से लेकर आया था। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी हुए का एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

नशा तस्करी मामले में सोर्स आरोपी काबू

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा ऊंचागांव की टीम ने नशा तस्करी के मामले में नशा सप्लाई करने वाले सोर्स आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी तारकेश्वर उर्फ तेजा है बिहार के छपरा जिले का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के सारन में रह रहा था। 20 अगस्त को अपराध शाखा की टीम ने 256 ग्राम गांजे सहित राहुल को सारन एरिया से काबू किया था जिसके खिलाफ सारन थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी यह गांजा तेजा से लेकर आया था। आरोपी राहुल द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी तेज को सारन चौक से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदि हैं। आरोपी तेजा वह नशा दिल्ली से लाया था जिसने कुछ गांजा खुद पी लिया और कुछ राहुल को बेच दिया। आरोपी तेजा के खिलाफ नशा तस्करी, जुआ और चोरी के पांच तथा आरोपी राहुल के खिलाफ दो-तीन मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवन बिहार के लखीसराय जिले का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की सुभाष कॉलोनी में रह रहा था जिसे अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान बल्लबगढ़ दशहरा ग्राउंड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हथियार रखने का शौकीन है और उसके खिलाफ इससे पहले भी हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत 1 तथा अवैध हथियार के 3 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी कुछ समय पहले अवैध हथियार के मामले में जेल में बंद था जहां वह टेकचंद नाम के आरोपी के साथ रहता था। टेकचंद भी अपराधी किस्म का व्यक्ति है। जेल में पवन का टेकचंद के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। करीब 1 महीने पहले पवन जेल से बाहर आया था। पवन को डर था कि कहीं टेकचंद के साथ उसके झगड़े के चलते उस पर हमला न कर दे इसलिए करीब 15 दिन पहले वह हसनपुरए पलवल में किसी व्यक्ति से 7000 में देसी कट्टा खरीदकर लाया था। सोर्स आरोपी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

अनुशासन के बिना जीवन में कामयाबी संभव नहीं : डॉ. रुचिरा खुल्लर

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के कुशल निर्देशन में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महाविद्यालय में दाखिला लेने वाले सभी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हे महाविद्यालय की जानकारी दी कि किन-किन गतिविधियों द्वारा उनका सर्वांगीण विकास हो सकता है। विद्यार्थियों को एन.सी.सी., एन.एस.एस., महिला प्रकोष्ठ, लीगल लिट्रेसी सेल, प्लेसमेंट सेल, इंक्युबेशन सेंटर, योगा क्लब आदि के प्रभारियों ने अपने-अपने प्रकोष्ठ के विद्यार्थियों को अवगत कराया सभी विभागों के अध्यक्षों ने अपने-अपने प्रभारियों विभागों को जानकरी दी। कार्यक्रम में प्राचार्या ने छात्रों को निर्देश देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन के बिना कामयाबी संभव नहीं है इसलिए शिक्षा के साथ हमेशा अनुशासन का पालन करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. विमल प्रकाश गौतम की पुस्तक शरीर रचना तथा व्यायाम क्रिया विज्ञान का भी विमोचन किया गया इनकी 8 अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हे शुभकामनाएं दी तथा यह विश्वास दिलाया कि अगर महाविद्यालय में उन्हे कोई भी समस्या हो तो वे और सारा स्टाफ उनका मार्गदर्शन करेगा। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक भी प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के विशेष प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. जोरावर सिंह ने किया। बी.ए. हिस्ट्री ऑनर्स प्रथम वर्ष के विद्यार्थी यश ने योगा की प्रस्तुति दी इनका गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिषद के सदस्यों डॉ. सबीना सिंह, डॉ. प्रोमिला काजल, डॉ. कमला चौधरी, डॉ. मोनिषा चौधरी, डॉ. रेनू सरदाना, डॉ. कमल गोयल, डॉ. दिनेश जून, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. उपासना शर्मा तथा सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

लाइसेंसी हथियार रखने पर प्रतिबंध : डीसी

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत सभी लाइसेंस धारकों को निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र और हथियार रखने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि यह आदेश विभिन्न बैंकों/निजी बैंकों में तैनात अधिकृत सुरक्षा गार्डों के या विभिन्न एटीएम में तैनात अधिकृत सुरक्षा गार्डों तथा जिला फरीदाबाद में एटीएम में नकदी भरने और सुरक्षित परिवहन के लिए नकदी ले जाने वाली वैन में तैनात सुरक्षा गार्डों जिनके पास हथियार रखने के लाइसेंस हैं और सरकारी ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकृत कर्मचारी को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों पर लागू होंगे। ऐसे सभी व्यक्ति अपने आग्नेयास्त्र और हथियार तुरंत अपने संबंधित पुलिस स्टेशन/अधिकृत शस्त्र डीलरों के पास उचित रसीद के साथ जमा कराएं।

संपादकीय

बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृति चिन्ता का विषय

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी एवं खौफनाक है। बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रमकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। यह दुष्प्रवृत्ति बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर तो नकारात्मक प्रभाव डाल ही रही है, इसे भविष्य में समाज की शांति के लिए बड़ा खतरा भी मानना चाहिए। राजस्थान के उदयपुर के स्कूल में दो छात्रों के आपसी विवाद में चाकू मारने से एक छात्र की मौत भी बच्चों में पनप रहे इसी हिंसक बर्ताव का घिनौना एवं घातक रूप है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा ? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर गंभीर काम किया जाए। उदयपुर की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। तहकीकात स्कूल की व्यवस्थाओं की भी होनी चाहिए कि आखिर बच्चा स्कूल में हथियार लेकर कैसे आ गया ? इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। उम्र के इस पड़ाव पर उनको सही राह दिखाने की जिम्मेदारी परिजन और शिक्षक की ही होती है। आज दोनों ही कहीं न कहीं अपनी जिम्मेदारी से दूर होते नजर आ रहे हैं। स्कूल में केवल किताबी ज्ञान पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। वहीं अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। 'मूड ठीक नहीं' की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दु:ख। ऐसी स्थिति में बच्चे अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। शिक्षकों और परिजनों से संवादहीनता के चलते बच्चों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को संवाद का जरिया बना लिया है। कई बार टी.वी. पर हिंसक कार्यक्रम देखने आदि से बच्चों में हिंसक व्यवहार बढ़ जाता है। घर में लगातार बंदूकें, चाकू आदि देखते रहने से भी बच्चों का व्यवहार हिंसक हो जाता है। वैसे भी अगर बच्चों को किसी भी बात के लिए मना नहीं करेंगे, टोकेंगें नहीं तो उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान कैसे होगी। एक ऑनलाइन सर्वे में माता-पिता ने कहा था कि बच्चों को गलत काम की सजा भी मिलनी चाहिए, वरना उनके मन में किसी भी बात के लिए डर नहीं रहेगा और हो सकता है वे ऐसे अपराधों को भी अंजाम देने लगें, जिनके परिणामों के बारे में उन्हें पता नहीं। स्कूली बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरीज बच्चों को हिंसक बना रही है। लेकिन, इसके पीछे न सिर्फ स्कूल का वातावरण, बल्कि लाड-प्यार में अंधे अभिभावकों का रवैया भी कम जिम्मेदार नहीं है। बच्चों में हिंसक व्यवहार के संकेत, जैसे गलत भाषा का प्रयोग करना, समझाने पर भी गुस्सा करना, कोई भी बात समझाने पर चीजें फैंकने लगना, मां-बाप को ही मारने दौड़ना, लोगों के बारे में गलत बोलना, गलत आदतों में पड़ना, भाई-बहन के लिए स्नेह न रखना, लड़ाकू प्रवृत्ति का होना, हमेशा उदास रहना, संवेदनहीन और चिड़चिड़े रहना, बार-बार जोश में आना आपको नजर आ सकते हैं। एकल परिवारों में माता-पिता इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास बच्चों से बात करने का ज्यादा समय नहीं होता। वे अक्सर इस बात पर भी नजर नहीं रख पाते कि बच्चे क्या कर रहे हैं, क्या खेल रहे हैं, उनके दोस्त कौन-कौन से हैं। दोस्त उन्हें चिढ़ाते भी हैं कि अरे! तुम्हारे माता-पिता कैसे हैं, जो तुम्हें ऑनलाइन खेल भी नहीं खेलने देते। इससे बच्चों में हीनता और अपने घर वालों के प्रति नफरत का भाव पैदा होता है, जो अपराध के रूप में बाहर निकलता है। फिजिकल, ओरल या सैक्सुअल रूप में गलत व्यवहार, घरेलू वातावरण न मिलना, माता-पिता द्वारा बच्चों की अनदेखी, दर्दनाक घटना होने या फिर स्ट्रैस होना, बच्चों को धमकाना, फैमिली प्रॉब्लम, नशीली चीजों का सेवन, शराब और अन्य गलत चीजों के सेवन से बच्चों में आक्रामकता बढ़ सकती है और वे हिंसक हो सकते हैं। किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। घर में बच्चों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित, और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाने के साथ अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। स्कूलों में काउंसलर और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की व्यवस्था होनी चाहिए, जो बच्चों की मानसिक समस्याओं को समझें और उनका समाधान कर सकें। सबसे बड़ी बात यह कि शिक्षकों को बच्चों के आचरण और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण देना होगा। ऐसा करने पर वे बच्चों के चाल-चलन की बारीकी से निगरानी कर सकेंगे। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा ? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी इतनी सहम गयी है कि गलत धारणाओं को मिटाने के लिये इस तरह की विकृत सोच एवं तथाकथित विकास से जुड़े शत्रु को पीठ के पीछे नहीं, सामने रखना होगा। सोचना होगा कि खुशहाली का पैमाना सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता, शक्ति एवं सत्ता नहीं हो सकता। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि स्कूली बच्चे अपने किसी सहपाठी से रंजिश के चलते उस पर गोली चलाते देखे गये हैं।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लोग बोले– जो दिलवाएगा सीवरेज के पानी से मुक्ति उसे देंगे वोट

सीवरेज के गंदे पानी से होकर जाते है लोग मंदिर, गुरूद्वारे और मस्जिद

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। जहां एक तरफ विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका हैं, वहीं दूसरी तरफ परेशान लोगों ने अब नेताओं को कोसना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने तो अब समस्याओं से मु करवाने वाले को ही चुनावों में जीत दिलवाने का बिगुल भी बजा दिया हैं, लेकिन आचार संहिता के चलते क्या नेता भी लोगों को इन समस्याओं से मु करवा पाऐंगे या फिर लोग वोट देने ही नहीं जाऐंगे। यह तो सोचने का विषय हैं, लेकिन यदि नगर निगम उ लोगों की परेशानी का कोई हल कर दे, तो शायद लोगों को नर्क से भी बदत्तर जीवन यापन न करना पडे। ऐसा ही हाल बड़खल विधानसभा में मौजूद फ्रांटइयर कालोनी में देखने को मिला। जहां लोगों ने बड़खल विधायिका को कोसा। वहीं जब इस विषय में विधायक/शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके अलावा जब उन्हें मैसेज किया गया, तो उसका भी जबाव उन्होंने नहीं दिया।

400 के करीब घर:

फ्रांटियर कालोनी में करीब 300 से 400 घर है। ऐसे में यहां गली में गंदे पानी के कारण कुछ महिलाएं गिरकर घायल हो चुकी है। पिछले दिनों एक स्कूटी सवार युवती के गिरने के कारण पांव में फैक्चर हो गया, तो वहीं एक महिला के भी फिसलकर गिरने से हाथ में फैक्चर हो गया। लोगों का कहना है कि जब सरकार उनसे हाउस टैक्स, डेवलेपमेंट चार्ज सहित बिजली, पानी और सीवरेज का बिल वसूल रही है, हर तरह के टैक्सों का भुगतान वह कर रहे हैं, तो सरकार को चाहिए कि सुविधाएं भी दे। लेकिन यहां सुविधाएं न के बराबर है।

रूकना हुआ मुश्किल:

सीवरेज का गंदे पानी के संग शौचालय तक सड़कों पर बह रहा है, ऐसे में पूरे इलाके में गंदी बदबू के कारण रूकना भी मुहाल हो रहा था। जिसमें वहां के लोग 24 घंटे रहने को मजबूर है। ऐसे में यहां बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोग आए दिन यहां बीमार हो रहे हैं। लेकिन शिकयत के बावजूद भी यहां किसी तरह की शिकायत नहीं होती। वहीं पेयजल सप्लाई भी यहां बदबूदार हो रही हैं। सीवरेज का पानी पेयजल की लाइन को खराब कर रहा है।

मंदिर, गुरूद्वारे और मस्जिद का रास्ता:

बड़खल विधानसभा क्षेत्र की फ्रांटियर कालोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि मंदिर में पूजा, गुरूद्वारे में अरदास और मस्जिद में नवाज पढ़ने के लिए पाक होकर जाना पड़ता है, लेकिन यहां तो मलमूत्र वाले गंदे बदबूदार सीवरेज के पानी से होकर जाने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि विधायक तो यहां आ चुकी है, दो मौत हुई थी, तब भी विधायक इस गंदे पानी से होकर दो माह पहले निकल कर गई थी, लेकिन इस गंदे और बदबूदार पानी से उन्होंने निजात नहीं दिलवाई।

जा रहा सड़क पर पानी:

धर्मवीर हरसाना, नीरू, संतोष, सुरेश मलिक, वेदवती, गंगा देवी समेत सैकड़ों लोगों ने बताया कि कालोनी के नजदीक ही फरीदाबाद से गुरूग्राम जाने वाला रास्ता है। फ्रांटियर कालोनी में हो रही सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या अब उ रोड़ पर भी आ गई है। कालोनी का पानी अब गुरूग्राम जाने वाले रास्ते पर पहुंच गया है। जहां से गंदी बदबू के कारण निकलना भी दुर्भर हो गया है। वहीं सड़क पर गुरूद्वारे और मंदिर हैं, जिसके सामने ये पानी भरा है, ऐसे में वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को आने व जाने में गंदे व बदबूदार पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ता है।

पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। पूर्व मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने अपने कार्यालय से अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं की एक विशेष बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फरीदाबाद वासियों को भगवान रामलाल के पवित्र मंदिर के दर्शन करवाना मेरे लिए सौभाग्य की बात हैं। भगवान राम के आशीर्वाद से हम एक बार फिर हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनाएंगे। विपुल गोयल ने कहा कि भगवान राम हमारी संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं और उनकी नगरी अयोध्या का दर्शन हर भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव है। उन्होंने इस यात्रा को सफल और मंगलमय बनाने की कामना की और कहा कि ये तीर्थ यात्रा न केवल धार्मिकए बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी हम सभी को एकजुट करती है।

गोयल ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण को बीजेपी सरकार की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने धर्म और संस्कृति की रक्षा में नए मापदंड स्थापित किए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा की जनता आगामी चुनावों में बीजेपी को समर्थन देकर एक बार फिर प्रदेश में स्थिर और सशक्त सरकार का निर्माण करेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने विपुल गोयल का बस भेजने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि ये शहर उनका परिवार हैं और वो एक बेटे व भाई की तरह परिवार की सेवा करने के लिए हमेशा जनहित का कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर नरेश नंबरदार निवर्तमान पार्षद, राज कुमार राज, नवल किशोर गर्ग एडवोकेट, मनीष राघव एडवोकेट, कृपाराम शर्मा, मनीष तोमर, सोनू शर्मा, पार्थ पाराशर, दयाचंद उर्फ मन्दी, पीडी शर्मा, पीएस बामल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईएमटी किसान संघर्ष समिति ने जताया विधायक का आभार

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। लम्बे संघर्ष के बाद आईएमटी के किसानों को उनका हक मिल गया और एचएसएसआईडीसी द्वारा आवंटित प्लाटों अब उन डिफाल्टर किसानों को भी मिलेंगे, जो किसी कारणवश पैसा जमा नहीं करवा पाए थे। एचएसएसआईआईडीसी ने बड़ी राहत देते हुए आईएमटी फरीदाबाद के पूर्व भूमि मालिकों, जो बढ़े हुई लागत के चलते भुगतान भुगतान नहीं कर पाए थे एक और मौका दिया है। एचएसएसआईडीसी की 382वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे किसान 2012 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से इसे जमा करा सकते हैं। इस फैसले के बाद लम्बे समय से संघर्ष कर रहे किसानों को बड़ी राहत मिली और आईएमटी किसान संघर्ष समिति ने वीरवार को विधायक पृथला नयनपाल रावत के चंदावली स्थित कार्यालय पर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नयनपाल रावत ने कहा कि किसानों के हक में इस फैसले का स्वागत करते हैं जिन किसानों को प्लाट आवंटित हुए हैं वो 31 अगस्त तक 8 प्रतिशत प्रत्येक वर्ष की दर के साधारण ब्याज के साथ अपना पैसा जमा कर सकते हैं। फैसले के अनुसार पूर्व में भूमि विस्थापित भी उक्त बकाया राशि को 30 नवम्बर तक जमा करा सकते हैं। निर्णयानुसार भूमि मालिक अपने वास्तविक निवास के लिए आवंटित भूखंडों का उपयोग करेंगे और अगले 10 वर्ष तक भूखंड के हस्तांतरण की मांग नहीं करेंगे। इस निर्णय के बाद ऐसे आबंटी जो बढ़ी हुई लागत के चलते भुगतान नहीं कर पाए थे, लाभान्वित होंगे। इस मौके पर रामनिवास नागर, रचना शर्मा, महावीर, विजय सिंह, लीलू, आशाराम, धर्मवीर, तेजपाल, नवीन, श्यामबीर, देवेन्द्र, जीतराम एवं रामसिंह आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम ने फरीदाबाद की कई सड़कों एवं मार्गों पर मरम्मत व गड्ढे भरने का कार्य किया

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला फरीदाबाद की सड़कों एवं मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तथा सडकों तथा मुख्य मार्गों की मरम्मत तथा पैच वर्क के लिए नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, एफ.एम.डी.ए. तथा एन.एच.ए.आई सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी उनके विभागों के अंतर्गत आने वाली सड़कों एवं मुख्य मार्गों के मरम्मत तथा पैच वर्क जल्द-से-जल्द पूरा करवाएं तथा इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भी उनके कार्यालय में नियमित रूप से भिजवायें।

उपायुक्त ने कहा कि फरीदाबाद की सड़कों व मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तक यह मरम्मत एवं गड्ढे भरने का कार्य निरंतर चलता रहेगा। उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशों की पालना में पैच वर्क तथा गड्ढे भरने का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। इस सन्दर्भ में नगर निगम के एस.ई. ओमबीर सिंह ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार एवं निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में पूर्व स्वीकृत कार्य करवाए जा रहे हैं। पहले से जारी करीब 87 लाख रुपए के पैच वर्क व गड्ढे भरने का कार्य ठेकेदारों के माध्यम से करवाए जा रहे हैं। जिनमें विभिन्न स्थानों पर सड़कों एवं मुख्य मार्गों की मरम्मत का कार्य करवा दिया गया है तथा बहुत स्थानों पर मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

इसी क्रम में वार्ड 12 में चित्र क्रॉकरी के सामने, बस अड्डे के सामने, लायंस क्लब के समीप, भगत सिंह मार्ग, फ्रूट गार्डन, एन.आई.टी. फरीदाबाद के ब्लॉक-ई एवं ब्लॉक-आर, बी.के. चौक व अन्य कई स्थानों पर सड़कों की मरम्मत व गड्ढा भरने का कार्य किया गया।

प्रधानमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा

STOP
22 अगस्त
रोष प्रदर्शन

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ बलात्कार करके उसकी जघन्य हत्या करने के विरोध में कामकाजी महिला समन्वय समिति के आहवान पर सीटू के बैनर तले विभिन्न महिला संगठनों ने मिलकर लघु सचिवालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री के नाम पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर यूनियन की प्रधान मालवती, आशा वर्कर यूनियन की प्रधान हेमलता, मिड डे मील वर्कर की प्रधान कमलेश, ब्लॉक प्रधान बल्लभगढ़ मीनू, ओल्ड फरीदाबाद की प्रधान सविता ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी साथी राजस्थान भवन के सामने एकत्रित हुए। प्रदर्शन में अन्य के अलावा कामरेड शिव प्रसाद, सामाजिक नेता हितेश शर्मा, तिगांव ब्लॉक के प्रधान राजू, रेखा शर्मा, धर्मवीर वैष्णव, विनोद कुमार, मालवती, सविता, कमलेश, अनीता, संगीता मौर्य, हेमलता, कंचन कुमारी, दुर्गेश कुमारी, सुरेश, मीनू, गीता, शाहीन परवीन, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

स्किट द्वारा जेआरसी ने मादक पदार्थों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने सब्सटेंस एब्यूज के अंतर्गत मादक प्रदार्थों के प्रयोग को समाप्त करने की अपील करते हुए स्किट प्रस्तुत किया। प्राचार्य मनचंदा ने विद्यार्थियों को मादक प्रदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। प्राध्यापिका सुशीला, मुक्ता तनेजा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सभी को मादक प्रदार्थों मुक्त स्वस्थ समाज बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग एवम स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय समय पर मादक प्रदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि देश से मादक प्रदार्थों को समाप्त करने का उद्देश्य लोगों को मादक प्रदार्थों के सेवन की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें मादकता से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। यह सत्य है कि मादक प्रदार्थों के सेवन से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक एवं सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे निश्चित रूप से उन्हें मानसिक और शारीरिक कष्ट एवं आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि हम सब यह संकल्प करें कि हम किसी भी प्रकार के मादक प्रदार्थों का सेवन न करते थे, न करते हैं था, न भविष्य में करेंगे। अपने विद्यालय के मित्र, परिवार के सदस्यों एवं स्वजनों को भी इससे दूर रखेंगे ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक हो सकें। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि स्टाफ और विद्यार्थियों ने मादक प्रदार्थों से दूर रहने, प्रयोग नहीं करने और न दूसरों को करने देने का प्रण भी लिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवम अध्यापकों का नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आभार व्यक्त करते हुए हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की तथा सभी से सहयोग करने के लिए और भी सक्रिय होने का आग्रह किया।

रोचक कहानी है जाहरवीर गोगा की, राजस्थान के ददरेवा में लगता है विशाल मेला

-सुनील दीक्षित

जाहरवीर गोगा की कहानी बहुत रोचक है, मान्यता है कि उनके धाम ददरेवा,नोहर-भादरा पर जाने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है। गोगा नवमी के अवसर पर प्रति वर्ष भाद्रों मास में लगने वाले विशाल मेले में हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल तथा मध्यप्रदेश से श्रधालु आते हैं। इस वर्ष ये मेला 27 अगस्त को आयोजित होगा। इतिहास बताता है कि करीब 900 वर्ष पूर्व ददरेवा,राजस्थान में राजा उमराव सिंह राज करते थे उनके दो पुत्र थे, बड़े का नाम नेवर व छोटे का नाम जेवर था। नेवर दोदाखेड़ी नामक रियासत का राजा था तथा जेवर ददरेवा में राज करते थे। नेवर की पत्नी का नाम काछल व जेवर की पत्नी का नाम बाछल था। जो दोनों सगी बहनें थी। लम्बा अरसा गुजरने के बाद भी उन्हें कोई संतान नहीं हुई। संतान प्राप्ति के लिए राजा पंडितों के कहने पर सो यज्ञ करवाते हैं। लेकिन इच्छा पूरी नहीं हुई। फिर नो लाख पौधों से युक्त, एक नोलखा बाग लगवाते हैं तथा उसमें मंदिर, कुएं, तालाब व बावड़ी बनवाते हैं। एक दिन राजा रानी जब बाग देखने जाते हैं तो बाग सूख जाता है, कुएं, तालाब, बावड़ी सब सूख जाते हैं। ऐसा देखकर राजा उदास रहने लगते हैं। एक दिन राजा दरबार से महलों में आ रहे थे तो मार्ग में एक औरत मिलती है जो राजा का चेहरा न देखे मुंह फेर कर जा रही थी इस घटना पर राजा ने औरत से पूछा तो उसने कहा कि महाराज आपको कोई संतान नहीं है यदि मैं आपका चेहरा देख लूं तो मुझे आज का खाना नसीब नहीं होगा। राजा बड़े दुखी हुए ओर स्त्री के घर खाना भिजवाने की बात कहकर महलों में आ गए। राजा महलों में बड़े दुखी होकर बिस्तर पर गिर पड़े। तो उदास देखकर महारानी बाछल ने उदासी का कारण जानना चाहा। राजा जेवर ने पूरी घटना रानी को बताई। रानी ने राजा को दुसरी शादी करवाने की सलाह दी। जिस पर राजा सहमत नहीं हुए। राजा ने अगले दिन वन में जाकर तप करने का निश्चय किया। राजा जेवर के रानी बाछल को राजपाट सौंपकर जंगल में तप करने निकल गए। ईधर बाग में गुरू गोरखनाथ 1400 शिष्यों के साथ बाग में साथ आ पंहुचते हैं। उनके पद रखते ही नोलखा बाग अचानक हराभरा हो जाता है। कुएं बावड़ी व तालाब में पानी आ जाता है। बाग का माली दौडकर यह संदेश रानी बाछल को देता है जिससे उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता। गुरू गोरख नाथ बाग में तपस्या करने बैठ जाते हैं रानी बाछल भी बाग में पंहुचकर साधु संतो की सेवा में जुट जाती है। एक दिन गुरू गोरख नाथ ने रानी बाछल से उनके दुखी रहने का कारण पूछा तो, बाछल ने कहा कि गुरूजी मुझे पुत्र प्राप्ति का वरदान दो। गोरखनाथ ने कहा कहा कि कल सुबह 4 बजे हम यहां से प्रस्थान करगें इस अवसर पर तुम यंहा पर आकर पुत्र प्राप्ति का आर्शवाद ले लेना। इस बात की जानकारी बड़ी रानी काछल को लगी तो उसने अपनी ननद के हाथों बाछल के वो कपड़े मंगवा लिए जिन्हें पहनकर बाछल गुरू गोरख नाथ की सेवा के लिए गई थी। काछल ने मध्य रात्री को ही गुरू गोरख नाथ के डेरे में जाकर पुत्र प्राप्ति का वर मांग लिया। गुरू ने कहा कि पुत्री तुम तो आधी रात को ही यहां पर पंहुच गई। तो काछल ने कहा कि गुरू जी खुशी-खुशी नींद नहीं आई। गुरू गोरख नाथ ने दो जो के दाने देते हुए कहा कि घर जाकर इन्हें खा लेना दो पुत्र होगें।सुबह के 4 बजे तो रानी बाछल बाग में पंहुची, गुरू गोरखनाथ वहां से उठकर चल पड़े थे। रानी पीछे से आवाज लगाती पंहुची। अपने कहे अनुसार वर देने की मांग की। यह सुन गुरू गोरखनाथ का पारा सातवें आसमान पर पंहुच गया। ओर कहा कि पुत्री दो पुत्रों के आर्शिवाद से भी आपको संतुष्टि नहीं हुई। बाछल ने कहा कि मैं तो आपके कहे अनुसार 4 बजे आपके पास आई हूं। गुरूजी के कहने पर बाछल ने काछल के वरदान को भी अभिशाप में न बदली करने की अर्ज की। गुरू गोरखनाथ ने बाछल को गूगल देते हुए कि इसे घोलकर पी लेना महाबली वीर पुत्र की प्राप्ति होगी। आपके उदर से पैदा हुआ पुत्र काछल के जौ के दानों से उत्पन्न दो पुत्रों अर्जन व सुर्जन को मारेगा। बाछल ने महलों में आकर गुगल को घोलकर एक गिलास स्वयं पी लिया, एक कसोरा सत्यवती ब्राह्मणी को,एक कटोरा जमादारनी सेविका को तथा घोड़ी के दाने पर छिडक कर उसे खिला दिया। गुरूजी की कृपा से चारों गर्भवती हो जाती हैं। कुछ दिन बाद बाछल के गर्भवती होने का समाचार सारे शहर में फैल जाता है। एक दिन बांदी बाछल के ससुर के पास में जाती है और बाछल के गर्भवती होने का संदेश देती है। तो राजा क्रोध से लाल-पीले हो जाते हैं। कहते हैं मेरा पुत्र जेवर तो वन में तप करने गया है तथा रानी गर्भवती है। बदचलन होने का आरोप लगा उसे घर से निकाल गाड़ीवान को बुला उसके पीहरसिरसापट्टम के लिए रवाना कर देते हैं। मार्ग में प्रतीक नाग उसे डसने का प्रयास करता है। किंतु गाड़ी के नीचे आने से वह कुचला जाता है और अंत में वह बैल को काट लेता है। बैल मर जाता है। गाड़ीवान बाछल को अकेली छोडकर दौड़ जाता है। बाछल रोने लगती है तो मां की पीड़ा सुनकर उसके गर्भ में पल रहे गोगा ने कहा कि आपकी चोटी के दो बाल तोडकर बैल के सींग पर बांध दो। बैल जीवित हो जायेगा। बाछल ने ऐसा ही किया और गाड़ी में बैठकर अकेली ही सिरसापट्टम पंहुच गई। रहते-सहते 12 साल का अरसा बीत गया। एक दिन रात को गोगा जी माता बाछल के सपने में दिखाई दिए। ओर कहा कि मां तुम भी परेशान हो मैं भी परेशान हूं। मां ने कहा बेटा मैं तो आपकी वजह से ही परेशान हूं। तुम्हारा जन्म लेने का समय कब का बीत गया।

आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन हो:एसडीएम

कनीना सुनील दीक्षित

एसडीएम अमित कुमार ने बृहस्पतिवार को नपा कार्यालय कनीना में एफएसटी टीम के साथ बैठक की ओर चुनाव सम्बंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंनि कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को होने वाले विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए टीम के सभी सदस्य पूरी ऐतिहात बरतें। आदर्श चुनाव आचार संहिता का निष्ठापूर्वक पालन करें। उनकी ओर से जल्द ही संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रो का दौरा कर निरीक्षण किया जायेगा। ऐसे मतदान केंद्रों पर अतिक्ति फोर्स लगाई जायेगी। ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम की स्थापना भी की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। दूसरी ओर कनीना में एसडीएम अमित कुमार द्वारा कार्यभार संभालने के बाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट ओपी यादव, पंचायत समिति कनीना के वाईस चेयरमैन रमेश महलावत सहित प्रबुधजनों ने गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया है। उनके साथ दीपक चैधरी, सतीश यादव, सुनील यादव,राकुमार कुमार भी थे।

सिहोर में पटौदी के पशु व्यापारी से 29 हजार रुपए छीनकर युवक हुआ फरार

कनीना सुनील दीक्षित

सिहोर गांव में एक पशु व्यापारी से युवक 29 हजार रुपए छीनकर फरार हो गया। व्यापारी की शिकायत पर कनीना शहर थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इस बारे में राजु वासी पटौदी,जिला गुरूग्राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी जाहिद वासी पटौदी के साथ कनीना विकास खंड के गांव सिहोर में पशु खरीदने आया था। एक ग्रामीण की भैंस देखकर निकल रहे थे तो अक्समात एक युवक वहां आया ओर उनके हाथ से 29 हजार रुपए छीनकर भाग गया। ग्रामीणों ने उसका नाम मोगली उर्फ कमल बताया। आरोपी युवक के भाई ने उनसे कहा कि उसे ढूंढकर उनके रुपए वापिस दिला देगा। लेकिन युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पीडित व्यापारी ने डायल 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि रुपए छीनने के आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुंदरह में 24 को आयोजित होगा हनुमानजी का मेला

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव सुंदरह में भादो बदी पंचमी तिथि, शनिवार 24 अगस्त को हनुमान जी का विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है। इस बारे में सुबेदार मुनीलाल शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस मेले में कबड्डी डू-एंड-डाई, कुश्ति 51 रुपए से लेकर 5100 तक, लंबी कूद,ऊंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विजेता व उप विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। सतनामदास महाराज के स्वर्गपुरी आश्रम प्रांगण में आयोजित इस मेले में भंडारा भी होगा। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। 24 अगस्त की रात्री 8 बजे से जागरण होगा। जिसमें रइस यादव, अजीत जांगडा, भावना,मनीषा कामसर, अमीशा चैहान हनुमान जी के भजन प्रस्तुत करेगें।

2020 बैच के एचसीएस विजय कुमार यादव ने संभाला एसडीएम कोसली का पदभार

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। वर्ष 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी विजय कुमार यादव ने एसडीएम कोसली का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वे सेवा हरियाणा में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त थे। एचसीएस विजय कुमार यादव सीटीएम भिवानी, प्राथमिक हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग पंचकुला व हरियाणा गौ सेवा आयोग में सचिव, निदेशक (प्रशासन) प्रारंभिक शिक्षा हरियाणा के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। नवनियुक्त एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार उपमंडल कोसली में विधानसभा आम चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाए जाएंगे। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे ईमानदारी व निष्पक्ष होकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है इसलिए पात्र नागरिक अपने मताधिकार का बढ़चढकर प्रयोग करें। इसके अलावा अन्य नागरिकों को भी मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें।

विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव से जुड़े अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की लें पूर्ण जानकारी: एसडीएम मनोज दलाल

सिवानी सोनिका सूरा

लोहारू। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी लेकर समय रहते सभी तैयारियां मुकम्मल करें। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी ईवीएम का प्रशिक्षण ले। नागरिकों को अपने मत का प्रयोग करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाए। मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारी स्वीप एक्टिविटी को भी बढ़ाया जाय। एसडीएम एवं लोहारू विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में चुनाव से जुड़े

अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र के नामांकन एसडीएम लोहारू के कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। आरओ कार्यालय में ही प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा आम चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के लिए अधिसूचना पांच सितंबर को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, 12 सितंबर को नामांकन की अंतिम तारीख है। 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। 16 सितंबर को प्रत्याशी अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। एक अक्टूबर 2024 को मतदान होगा। चार अक्टूबर को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों को उनके मत का प्रयोग करने के लिए लोहारू विधानसभा क्षेत्र में कुल 246 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें मॉडल, पिंक व पीडब्ल्यूडी बूथ भी बनाए गए हैं। बीएलओ सुपरवाइजर अपने मतदान केंद्रो की फिजिकल वेरीफिकेशन करें। प्रत्येक बूथ पर आधारभूत सुविधाएं होनी चाहिए। मतदाता को मतदान करने में कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसके लिए बिजली, पानी ,रैंप आदि की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। मतदान केंद्र पर पेयजल व बिजली और शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है।

भाजपा व कांग्रेस पार्टी में अटेली हलके से टिकट चाहने वाले की फेहरिस्त हुई लंबी

कनीना सुनील दीक्षित

हरियाणा में विधान सभा चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही विभिन्न पार्टियों की ओर से टिकट चाहने वाले उम्मीद्वारों की लंबी फेहरिस्त तैयार हो गई है। अटेली हलके का एक छोर राजस्थान के अलवर जिले से सटा हुआ वहीं दूसरा रेवाडी जिले से मिला हुआ है। तीसरा छोर दादरी जिले से तो चैथा छोर महेंद्रगढ व नारनौल हलके से सटा हुआ है। इस हलके में एक लाख 18 हजार मतदाता हैं। अटेली हलके में एक ओर सत्तारूढ दल भाजपा की ओर से पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, विधायक सीताराम यादव की ओर से अहम दावेदारी की जा रही है वहीं जसवंत बबलू, प्रो.रोशन लाल, सुनील राव बिरड, कुलदीप सिंह, ब्रिजेश, मनीष कुमार संदीप, सुंदरलाल, विकास यादव, यतेंद्र सिंह, अजीत सिंह, विक्रम सिंह भी टिकट की दौड में शामिल हो रहे हैं। देखा जाए तो पूर्व विधायक एवं डिप्टी स्पीकर संतोष यादव के 2014 से 2019 के कार्यकाल में अटेली हलके में अनेकों विकास कार्य हुए। कनीना में लघु सचिवालय,अस्पताल,महिला महाविद्यालय,सब्जिमंडी,आनाज मंडी दमकल केंद्र आदि बनवाने का श्रेय उन्हें जाता है। विधायक सीताराम यादव की ओर से भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उनकी ओर से कनीना में रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी को भूमिगत करवाने, कनीना-अटेली मार्ग पर आरओबी का कार्य शुरू करवाने, स्टेट हाईवे 34 को मंजूरी दिलवाने सहित विभिन्न गावों में दो से चार लिंक मार्ग बनवाने का कार्य करवाया गया। जिससे ग्रामीणों का आवगमन सुविधाजनक हुआ है। जनता उनकी ओर से किए गए कार्यों से संतुष्ट है कांग्रेस पार्टी में भी टिकट चाहने वालों की लंबी सुची है। जिसे देखकर पार्टी हाईकमान मिटिंग-दर-मिटिंग मंथन करने में जुटा हुआ है। कहा जा रहा है कि यह पार्टी इस समय बापू-बेटे की पार्टी बनकर रह गई है। जिसमें उनकी मर्जी मुताबिक फैसले लिए जा रहे हैं। अनेकों नेताओं को उनकी नीति रास नहीं आ रही है जिसके चलते पार्टी कमजोर होने लगी है। छोटे-बडे हुड्डा व आशा हुड्डा को अपना श्रेष्ठ मानने वाले नांगल चैधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह उनकी गलत नीतियों के कारण लोकसभा चुनाव से पूर्व पार्टी को अलविदा कह कर जेजेपी को ज्वाईन कर गए थे। ये सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ लोकसभा चुनाव के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति किरण चैधरी तथा पूर्व सांसद श्रुति चैधरी कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह गई। जो पूर्व मुख्यमंत्री चैधरी बंसीलाल व उनके पुत्र कबनि मंत्री चै.सुरेंद्र सिंह की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। लौह पुरूष कहे जाने वाले चै.बंसीलाल की जिक्र लोकसभा चुनाव के दौरान पाली में आयोजित जनसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया था। उसके बाद से सियासत में उथल-पुथल के संकेत मिल रहे थे। मां-बेटी के भाजपा में शामिल होने के बाद भाजा की ओर से किरण चैधरी को राज्य सभा भेजने की तैयारी की जा रही है। श्रुति को भिवानी से विधान सभा की टिकट मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अटेली हलके से कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीद्वारों में पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व सीपीएस अनीता यादव प्रमुख दावेदार हैं जबकि संदीप सिंह,महेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, राजकुमार यादव, सुरेंद्र नम्बरदार, राधेश्याम, हेमंत शर्मा, सुभाष यादव, सुनिता मावता भी लाईन में हैं। पार्टी हाईकान की ओर से उनके आवेदनों पर मंथन किया जा रहा है।जेजेपी पार्टी से अभिमन्यू राव, बेदू राता, कुलदीप कलवाडी, सुविधा शास्त्री सुजापुर की ओर से टिकट की मांग की जा रही है। आम आदमी पार्टी से सतनारायण यादव व बीएसपी से अतर लाल की ओर से उम्मीद्वारी जताई जा रही है। करीब आधा दर्जनभर निर्दलीय प्रत्याशी भी हो सकते हैं। उम्मीद्वारों को टिकट अलाट होने के बाद राजनीतिक व चुनावी समीकरण बनेगें।

बोलेरो में सवार होकर आए युवकों ने भोजावास में दुकान पर तानी पिस्तौल, दो फायर करने पर दाएं हाथ में लगी गोली

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास में बृहस्पतिवार दोपहर करीब ढाई बजे बोलेरो गाडी में सवार होकर आए अज्ञात युवकों ने परचून की दुकान में गोली चला दी। जो दुकानदार सनोज के हाथ में लगी। जिससे वह घायल हो गया। बस स्टैंड पर फायरिंग करने की इस वारदात के बाद गांव में दहशत पैदा हो गई। घटना के बाद वहां पर भीड जमा हो गई। घायल दुकानदार को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया उसके बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। बिना पुलिस सरक्षा के परिजन सनोज को

एंबुलेंस के माध्यम से नारनौल लेकर गए। गोली लगने से घायल हुए दुकानदार सनोज ने बताया कि बोलेरो गाडी अटेली की ओर से आई थी। जिसमें सवार युवकों ने पहले आसपास के दुकानदारों से सनोज की दुकान का पता लगाया। उसके बाद उनकी दुकान के सामने गाडी रोककर एक युवक हाथ में रिवॉल्वर लेकर दुकान में गया ओर दुकानदार से गालीगलोच करते हुए सिर में गोली मारने के दो प्रयास किए। दो फायर होने के बाद दुकानदार किसी तरह बच गया ओर ने बचाव के लिए दायां हाथ आगे किया जिसमें गोली लगी, एक गोली दुकान में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक बोलेरो में सवार होकर खैराना लिंक मार्ग की ओर फरार हो गए। बोलेरो में युवकों की संख्या 4-5 बताई गई है। गोली दागने वाले युवकों की पहचान की जा रही है। सूचना मिलने पर डीएसपी दिनेश कुमार व कनीना सदर थाना पुलिस टीम मौके पर पंहच कर जांच कर रही है। पीडित दुकानदार ने बताया कि मई 2023 में भी उन्हें फिरौति की मांग को लेकर धमकी दी गई थी। जिसके एक आरोपी को पुलिस ने दो माह पूर्व ही गिरफ्तार किया था। डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीडित की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। सीआईए तथा थाना कनीना की पुलिस टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

जिला में विधानसभा आम चुनाव के लिए बनाए गए हैं कुल 792 पोलिंग बूथ : जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार रेवाड़ी जिला में पहली अक्टूबर को होने वाले 15वीं विधानसभा के आम चुनाव को लेकर तैयारियां प्रभावी रूप से जारी हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा हर चुनावी प्रक्रिया पर पूर्ण फोकस रखते हुए शांतिप्रिय ढंग से चुनाव संपन्न कराने में सक्रिय हैं। जिला प्रशासन की ओर से जिला रेवाड़ी में लोकसभा आम चुनाव के तहत कुल 7921 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 72-बावल में 257, 73-कोसली में 276 तथा 74-रेवाड़ी विस में 259 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला चुनाव कार्यालय रेवाड़ी के आंकड़ों पर नजर डालें तो रेवाड़ी जिला में इस बार कुल 729572 वोटर बावल, कोसली व रेवाड़ी के विधायक का चुनाव करेंगे। रेवाड़ी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी में कुल वोटर की संख्या 729572 है, जिनमें 381068 पुरूष, 348497 महिलाएं व 7 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र अनुसार आंकड़ों पर नजर डालें तो 72-बावल विस क्षेत्र में कुल 227896 मतदाता हैं, जिनमें 119002 पुरूष व 108894 महिलाएं, 73-कोसली विस क्षेत्र में कुल 250168 मतदाता हैं, 130689 पुरूष, 119478 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर तथा 74-रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 251508 मतदाता हैं, जिनमें 131377 पुरूष, 120125 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए उन्हें पहली अक्टूबर को मतदान के दिन विभिन्न

प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन मतदाताओं को ग्राउंड फ्लोर प मतदान केंद्र, पेयजल, रैम्प की सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रोशनी व बिजली की सुविधा, मेडिकल किट, मतदान केंद्र पर उचित छाया की व्यवस्था, स्थान व मार्गदर्शन के लिए उचित संकेतक सहित मतदाताओं का गर्मी, हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था प्रबंधन किए जाएंगे।

रामसिंह सामरिया ने धार्मिक अनुष्ठान के बहाने दिखाई राजनैतिक ताकत

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा पूर्व जिलाध्यक्ष रामसिंह सामरिया की ओर से कस्बा बावल में श्याम प्रभू खाटू वाले का संकीर्तन एवं भंडारा-प्रसाद का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन के बहाने भाजपा नेता ने बावल विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ जुटाकर चुनाव लडड्ने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा कि वे संघ तथा पार्टी की पिछले 35 सालों से सेवा करते आ रहे हैं, यदि संगठन ने उन्हें टिकट दिया तो वे मजबूती के साथ चुनाव लडेंगे तथा बावल की सीट भाजपा की झोली में डालने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर ढोल-बाजों के साथ एक ओर जहां लोगों का अभिनंदन किया गया, वहीं बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर

थिरके। इस अवसर पर रामसिंह सांभरिया ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी तथा संघ से पिछले 35 सालों से जुडकर लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। पूरा बावल विधानसभा क्षेत्र उनके परिवार की तरह है। इस धार्मिक आयोजन में उन्हें पूरे परिवार को निमंत्रण दिया है। इस क्षेत्र की जनता का सहयोग व समर्थन सदैव उनके साथ बना रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर तथा अब मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। पूर्व की सरकार की अपेक्षा भाजपा सरकार में बावल विधानसभा क्षेत्र का काफी विकास हुआ है। बावल क्षेत्र की जनता इस बार उन्हें अपना आशीर्वाद देना चाहती है। इसलिए संगठन ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो वे पूरी ताकत के साथ चुनाव लडकर यह सीट भाजपा की झोली में डालने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशीला चौहान व चौ. भूपेंद्र आदि अनेक नेताओं ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के कट्टर समर्थक हैं, लेकिन स्थानीय विधायक व मंत्री डा. बनवारी द्वारा उपेक्षा किए जाने के चलते कार्यकताओं में रोष है। उन्होंने कहा कि पार्टी को सींचने वाले कार्यकताओं की उपेक्षा के चलते संगठन का जनाधार क्षेत्र में कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि रामसिंह सांभरिया पुराने व कर्मठ होने के साथ-साथ सभी कार्यकताओं का सम्मान करते हैं तथा सभी को साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि वे कमल के फूल के साथ हैं। संगठन जिसे भी टिकट सौंपेगा, हम पार्टी के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

मुनाफे में आने रूपरेखा तैयार, अभी इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना नहीं: ओला

नई दिल्ली ।

ओला इलेक्ट्रिक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने अधिक उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला के ऊर्ध्वाधर एकीकरण और घरेलू स्तर पर उत्पादित सेल के आधार पर मुनाफा कमाने के लिए रूपरेखा बनाई है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि हालांकि इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना फिलहाल टाल दी गई है। उन्होंने हाल ही में मीडिया से कहा कि कंपनी ऐसे उत्पाद बनाएगी जिनकी भारतीयों को जरूरत है, जिनमें से अधिकतर दोपहिया तथा तिपहिया वाहन हैं। कंपनी ने पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल खंड में प्रवेश किया था। उन्होंने कहा, हमने दिखाया है कि तेज वृद्धि के साथ निवेश करके भी, आप मुनाफे में सुधार कर सकते हैं। कर पूर्व आय से लेकर कर पश्चात आय तक के लिए लाभप्रदता की रूपरेखा तैयार की गई है। हमारे पास दो या तीन रणनीतियां हैं, जिन पर हम लगातार काम कर रहे हैं, जो आने वाली तिमाहियों में मुनाफे में सुधार लाएंगी। उन्होंने ओला इलेक्ट्रिक की लाभप्रदता पर पूछे गए एक सवाल के दौरान कहा कि कंपनी के शेयर की कीमत 76 रुपये के सूचीबद्ध मूल्य से दोगुना होना चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेल लाभप्रदता की रूपरेखा का केन्द्र बिन्दु है, चूंकि हमारे सेल उत्पादन का इस्तेमाल हमारे अपने उत्पादों में होने लगेगा, इसलिए अगले वर्ष के प्रारम्भ तक हमारे मुनाफे में भी काफी वृद्धि होगी। ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही से अपने वाहनों में भारत 4680 सेल को एकीकृत करने की योजना की पहले ही घोषणा की है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कंपनी ने लाभ में आने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली ।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.26 डॉलर की उछाल के साथ 76.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहींवेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.33 डॉलर लुढ़ककर 74.04 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

पेटीएम ने निदेशकों के वेतन में की कटौती

- मानदेय की अधिकतम सीमा 48 लाख रुपये की गई

नई दिल्ली ।

पेटीएम के निदेशक मंडल ने 12 सितंबर को होने वाली अपनी वार्षिक आम बैठक से पहले वेतन में संशोधन करने का निर्णय लिया है। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि नया प्रस्तावित पारिश्रमिक ढांचा शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन होगा। इससे पहले, पेटीएम के बोर्ड के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशकों, जिनमें अशित रंजीत लीलानी भी शामिल हैं, का वार्षिक वेतन 1.65 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया, जबकि गोपालसमुद्रम श्रीनिवासराघवन सुंदरराजन का वेतन 2.07 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। संशोधित पारिश्रमिक ढांचे के साथ, प्रत्येक गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक का मानदेय 48 लाख रुपये तक सीमित होगा, जिसमें 20 लाख रुपये का एक निश्चित हिस्सा होगा। अच्छे प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनीय हिस्से को बैठकों में उपस्थिति और बोर्ड की विभिन्न समितियों में आयोजित अध्यक्ष, सदस्यता पदों से जोड़ा जाएगा। संशोधित पारिश्रमिक संरचना 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी होगी। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार नई पारिश्रमिक संरचना कंपनी द्वारा किए गए बेंचमार्किंग पर आधारित है, जिसमें सुशासन प्रथाओं और समान क्षेत्रों या समान बाजार पूंजीकरण वाले व्यवसाय के प्रकारों में कंपनियों को ध्यान में रखा गया है। यह निर्णय बोर्ड के सदस्यों की इस प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है कि कंपनी वित्तीय रूप से भविष्य के लिए तैयार रहे बनी ताकि यह लाभ में रहने के अपने इच्छित रास्ते पर बढ़ती रहे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भारतीय कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों से मिले

मुंबई ।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने महाराष्ट्र के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान कई भारतीय कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और अपने पंजाब के लिए कई प्रमुख निवेश प्रस्तावों पर मुहर लगाई। सन फार्मास्यूटिकल्स, आरपीजी ग्रुप, सिफी टेक्नोलॉजीज और जेएसडब्ल्यू ग्रुप जैसे प्रमुख कॉरपोरेट उन कंपनियों में से थे, जिन्होंने पंजाब में निवेश करने या वहां अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की। मान से मुलाकात करने वाले शीर्ष उद्यमियों में सन फार्मास्यूटिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रीडिएंट्स बिजनेस के सीईओ दामोदरन सतगोपन, आरपीजी ग्रुप के उपाध्यक्ष अनंत गोयनका, सिफी टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष दलीप कौल और जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के बिजनेस प्रमुख अमरजीत सिंह दहिया और शामिल थे। उद्योगों के लिए रेड कारपेट बिछाने की पेशकश करते हुए मुख्यमंत्री ने पंजाब को अवसरों से भरपूर बताया और कंपनियों को वहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य तेजी से देश में एक औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है और अपने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नए विचारों और नवाचारों को अपनाने के लिए तत्पर है। मान ने कहा कि पंजाब में पूर्ण सामाजिक सद्भाव, शांति और सौहार्द है, जो मुख्य रूप से राज्य में समग्र विकास और समृद्धि के लिए जिम्मेदार है। राज्य हर क्षेत्र को निर्बाध बिजली प्रदान करने के अलावा उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा, कुशल मानव संसाधन और सर्वोत्तम औद्योगिक और कार्य संस्कृतियां प्रदान करता है जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपने व्यवसाय का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगी।

डॉबर इंडिया अपना विर्निर्माण संयंत्र तमिलनाडु में स्थापित करेगी: मंत्री

चेन्नई ।

तमिलनाडु सरकार ने दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया के राज्य के विल्लुपुरम जिले में 400 करोड़ रुपये खर्च कर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की गुरुवार को घोषणा की। राज्य के उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा ने कहा कि इसके लिए गुरुवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। राजा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, डाबर इंडिया तमिलनाडु में आपका स्वागत है। बल्कि दक्षिण भारत में आपका स्वागत है। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की उपस्थिति में विल्लुपुरम जिले के तिंडिवनम में एसआईपीसीओटी फूड पार्क में डाबर के साथ दक्षिण भारत में उसका पहला विश्व स्तरीय विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि कंपनी इस सुविधा में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे 250 से अधिक नौकरियों का सृजन होगा। राजा ने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे आसपास के डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि उत्पाद बेचने के नए अवसर खुलेंगे।

चीन की मदद से सस्ते दाम में फैशन प्रोडक्ट्स बेचेंगे अंबानी

टाटा को टक्कर देने ली चाइनीज कंपनी से मदद

नई दिल्ली । देश के जाने-माने उदयोगपति मुकेश अंबानी अब अपने ग्राहकों को सस्ते दाम में फैशन प्रोडक्ट्स बेचने की लड़ाई में हैं। लेकिन इस मुकाबले में मुकेश अंबानी एक बहुत पुराने समूह से मात खा रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि उन्होंने चीन की कंपनी से मदद ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टाटा समूह की रिटेल यूनिट ट्रेंट लिमिटेड की वैल्यूएशन 165 अरब डॉलर की है। इसकी बिक्री महामारी से पहले के स्तरों के मुकाबले डॉलर के हिसाब से तीन गुना हो गई है। ट्रेंट का शुद्ध लाभ 12 गुना बढ़ा है। जूडियो कंपनी का इन-हाउस फास्ट-फैशन ब्रांड है जो युवा ग्राहकों के बीच ट्रेंड में चल रहे कपड़े सस्ती कीमतों के साथ बेचने के लिए फेमस हो गया है। चार साल पहले, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में जूडियो के 80 स्टोर थे। पिछले तिमाही में, यह संख्या 164 शहरों में लगभग 560 तक पहुंच गई। उन जगहों पर जहां किराया वाजिब है, तेजी से इन्वेंट्री टर्नओवर देखने को मिला। इसका मतलब है कि कम मार्जिन पर भी ज्यादा मुनाफा देखने को मिला। यह सब अंबानी के लिए एक समस्या बन गई है। पेट्रोकेमिकल्स के बादशाह, टेलीकॉम के दिग्गज और मीडिया के अग्रणी होने के अलावा, 67 वर्षीय अंबानी भारत के सबसे बड़े व्यापारी भी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले वर्ष अपनी रिटेल यूनिट में 2 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इतना ही नहीं, रिलायंस रिटेल ने महामारी के दौरान मध्य पूर्व और सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड्स से, जनरल अटलांटिक और सिल्वर लेक पार्टनर्स के साथ, 6 बिलियन डॉलर से अधिक जुटाए। पिछले साल, इसने कतर इंवेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी इंवेस्टमेंट अथॉरिटी और केकेआर एंड कंपनी से 100 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन पर और भी धन जुटाए। अब अंबानी का पहला काम है इस इकाई को एक धमाकेदार आईपीओ या स्पिनऑफ की ओर ले जाना। इसके लिए उन्हें फास्ट-फैशन का ताज जरूर ही चाहिए। बता दें कि एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने इस साल अपने बेटे की शादी के लिए 60 करोड़ डॉलर का भव्य समारोह आयोजित देश-विदेश में खूब सुर्खियां बटोरी थी।

कॉरपोरेट सेक्टर में घटते जा रहे हैं रोजगार, 4.2 फ़ीसदी की गिरावट

नई दिल्ली । भारत के कारपोरेट सेक्टर में रोजगार के अवसर लगातार कम होते चले जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 में रोजगार 4.2 फ़ीसदी घटकर मात्र 1.5 फ़ीसदी पर आ गया है। 2022-23 में रोजगार की दर 5.7 फ़ीसदी थी,जो अब घटकर 1.5 फ़ीसदी रह गई है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2022-23 में 3.33 लाख लोगों को रोजगार मिला था। पिछले वर्ष में यह संख्या घटकर 90840 रह गई है। रिपोर्ट में 1196 बड़े और मध्यम आकार की कंपनियों के रोजगार डाटा का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है। भारतीय उद्योग जगत में रोजगार वृद्धि का परिदृश्य बड़ी तेजी के साथ नकारात्मक होता जा रहा है। 2022-23 में पहली बार हायर ग्रोथ देखने को मिली थी। 2023-24 में यह नकारात्मक रूप से देखने को मिल रही है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने जो रिपोर्ट जारी की है। उसमें 603 कंपनियों के सर्वे के आधार पर जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार रिटेल, सेल्स, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल्टी सेक्टर में रोजगार मिला है। वही हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, बिजनेस सर्विस और टेक्सटाइल में नौकरियां घटी हैं। जो रोजगार के लिए चिंता का विषय है।

इंडिगो इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित जुर्माने को देगी चुनौती

नई दिल्ली । एयरलाइन कंपनी इंडिगो इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से संबंधित, उस पर कुल 3,50,299 रुपये का जुर्माना लगाने वाले दो आदेशों को चुनौती देगी। कंपनी पर ओडिशा में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के मामले में 1,77,046 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अपीलीय प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है और वित्त वर्ष 2017-18 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने के कारण मांग को बरकरार रखा है। कंपनी ने कहा कि वह अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है। एक अन्य मामले में केरल में कंपनी को 1,73,253 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि कर अधिकारी ने इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित उसके दावे को खारिज कर दिया है। इस मामले में कंपनी ने कहा कि वह उचित अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है।

सेबी ने आईआईएफएल पर ठोका 11 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर ब्रोकर नियम और अन्य रेग्युलेटरी मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए ब्रोकरेज कंपनी आईआईएफएल पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड (आईआईएफएल) ब्रोकरेज कंपनी होने के लिए जरूरी नियमों को पूरा करती है या नहीं यह देखने के लिए सेबी ने कंपनी का निरीक्षण किया था। यह निरीक्षण अप्रैल से जुलाई, 2022 तक की अवधि के लिए किया गया था। इसके बाद नियामक ने 15 अप्रैल, 2024 को आईआईएफएल सिक्योरिटीज को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सेबी ने 35 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता ने क्लाइंट के फंड्स और सिक्योरिटीज के मासिक और तिमाही निपटान के संबंध में कारण बताओ नोटिस में लगाए गए आरोपों को स्वीकार किया है, जिनमें कहा गया है कि इसमें कुछ तकनीकी कमी थी। सेबी की एक अधिकारी ने आदेश में कहा कि मुझे लगता है कि सर्कुलर में ब्रोकरों को खातों का निपटान करने और समय पर विवरण जारी करने का विशेष निर्देश दिया गया है। हालांकि, नोटिस प्राप्तकर्ता ऐसा करने में विफल रहा।

नेविल टाटा ने स्टार बाजार प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

ईशा अंबानी को टक्कर देंगे नेविल! रिटेल मार्केट में मचाएंगे धमाल

नई दिल्ली । देश के प्रमुख औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप में नई पीढ़ी ने नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालनी शुरू कर दी है। 32 वर्षीय नेविल टाटा ने स्टार बाजार के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है, जो टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी ट्रेंट लिमिटेड की हाइपरमार्केट यूनिट है। नेविल ट्रेंट लिमिटेड के चेयरमैन नोएल टाटा के बेटे हैं। नोएल ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। नेविल ग्रुप की ग्रोसरी रिटेल सब्सिडियरी ट्रेंट हाइपरमार्केट के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक एग्जीक्यूटिव रोल मिलने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि नेविल कुछ साल पहले टाटा ग्रुप के हाइपरमार्केट बिजनेस से जुड़े थे लेकिन फिर पढ़ाई के लिए विदेश चले गए। ट्रेंट लिमिटेड अपने हाइपरमार्केट बिजनेस को अगले ग्रोथ ड्राइवर के रूप में देख रही है। पी वेंकटेसलु ट्रेंट लिमिटेड के सीईओ हैं। ट्रेंट में वेस्टसाइड, जूडियो और जारा भी हैं। बेयस बिजनेस स्कूल के छात्र रहे नेविल 2016 में ही ट्रेंट लिमिटेड का हिस्सा बन गए थे। उन्होंने कंपनी के पैकेज्ड फूड और बेवरेजेज का नेतृत्व किया। उसके बाद उन्होंने जुडियो को मैनेज किया। आज यह देश के सबसे बड़े एपेरल ब्रांड्स में से एक है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 148 , निफ्टी 41 अंक उछला

HINDALCO +0.7% +0.70

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग और उपभोक्ता क्षेत्र की एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। व्यापक बाजारों में, मिड और स्मॉल-कैप इंडेक्स बढ़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 147.89 अंक करीब 0.18 फीसदी बढ़कर 81,053.19 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.30 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 24,811.50 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और एशियन पेंट्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और एचयूएल के शेयर भी उछले।

दूसरी ओर सेंसेक्स के 13 शेयर ही गिरावट पर बंद हुए। टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एनटीपसीसी, टीसीएस और पावर ग्रिड सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस और एचसीएल टेक के शेयर भी गिरे। वहीं बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक धारणाओं के कारण घरेलू बाजार में हल्की बढ़त दर्ज की गई। वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो, सियोल और हांगकांग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि शंघाई में गिरावट रही। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार महत्वपूर्ण लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे। गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजारों में बढ़त रही।

गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 हरे निशान में खुले। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ताजा बैठक की मिनट्स में ब्याज दर में कटौती की संभावना के संकेतों से बाजार में उत्साह देखा गया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 191.35 अंकों की छलांग लगाकर 81,096.65 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 ने 62.25 अंक चढ़कर 24,832.45 का स्तर छू लिया। बाजार में यह तेजी अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से साल के भीतर एक बार ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों के चलते आई है।

कोल इंडिया महत्वपूर्ण खनिजों के अधिग्रहण के लिए प्रयासरत: अधिकारी

Coal India Limited
A Maharatna Company

नई दिल्ली ।

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) घरेलू बाजार और विदेशों में लिथियम समेत महत्वपूर्ण खनिजों के अधिग्रहण के लिए प्रयास कर रही है। यह बात हाल ही में कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कही। कंपनी ने कहा है कि वह ऐसे ब्लॉक की नीलामी में भाग लेना जारी रखेगी। लीथियम समेत महत्वपूर्ण खनिज, पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरी के उत्पादन के लिए इनकी खास तौर पर मांग है। कोल इंडिया के एक अधिकारी ने कंपनी की 50वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि लीथियम, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कंपनी भारत और विदेशों में इन खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सीआईएल खान मंत्रालय द्वारा पेश किए गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी में भाग लेना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सीआईएल ने घरेलू महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्ति में सफलतापूर्वक अपना खाता खोला है और मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में खट्टाली छोटी ग्रेफाइट ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता के रूप में उभरी है। यह कंपनी का पहला गैर-कोयला खनिज खनन उद्यम होगा। यह उपलब्धि खान मंत्रालय द्वारा नौ जुलाई को आयोजित द्वितीय चरण की नीलामी के तहत हासिल की गई। उन्होंने कहा कि सीआईएल का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में कोयले की कोई कमी न हो और इसे शुष्क ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जाए। देश के कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया का हिस्सा 80 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कंपनी देश के नागरिकों को उचित मूल्य पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए गुणवत्ता वाले कोयले का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीसी जिंदल समूह अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में करेगा प्रवेश

नई दिल्ली ।

बीसी जिंदल समूह ने भारत के अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र में प्रवेश करने की गुरुवार को घोषणा की। उसने कहा कि इसमें अगले पांच साल में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश किया जाएगा। कंपनी के बयान के अनुसार ओडिशा के अंगुल में 1,200 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन के मौजूदा खंड के साथ बीसी जिंदल समूह ने उसके अक्षय उद्यम के लिए एक समर्पित इकाई की स्थापना की है। बयान में कहा गया, समूह अगले पांच वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में करीब 2.5 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। भारत का अग्रणी समूह बीसी जिंदल समूह अक्षय ऊर्जा उत्पादन और सौर सेल व मॉड्यूल विनिर्माण व्यवसायों की देखरेख करेगा। इसमें कहा गया, जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी (जेआईआरई) का लक्ष्य सौर, पवन, हाइब्रिड और एफडीआरई मोड से पांच गीगावाट बिजली उत्पन्न करना है। जेआईआरई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की वर्तमान ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए ब्राउन एनर्जी अब भी प्रमुख है। हमारा लक्ष्य अपनी मौजूदा बिजली कंपनी की ताकत का लाभ उठाकर अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख इकाई के तौर पर काम करना है। जेआईआरई, बीसी जिंदल समूह के अंतर्गत काम करती है। इसकी स्थापना 1952 में बीसी जिंदल ने की थी।

लॉर्ड्स में पहली बार होगा भारत बनाम इंग्लैंड महिला टेस्ट

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान 2026 में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले महिला टेस्ट की मेजबानी करेगा। यह पहली बार होगा जब यह मैदान इन दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि जुलाई 2025 में भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के बाद भारतीय टीम 2026 में एकमात्र टेस्ट के लिए वापस आएगी। भारतीय टीम अगले साल 28 जून से 12 जुलाई के बीच 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। टीम इसके बाद क्रमशः 16 (साउथम्पटन), 19 (लंदन) और 22 जुलाई (चेस्टर ली स्ट्रीट) को 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।

ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि मुझे इस बात की भी खुशी है कि भारतीय महिला टीम 2026 में लॉर्ड्स में पहले महिला टेस्ट मैच में इंग्लैंड की महिला टीम से भिड़ने के लिए वापसी करेगी। यह वास्तव में एक विशेष अवसर होगा। ईसीबी ने कहा कि यह भी पुष्टि की गई है कि भारतीय टीम 2026 में लॉर्ड्स में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए वापस आएगी। इस मैदान पर इन दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाला यह पहला टेस्ट मैच होगा।

इंग्लैंड की महिलाओं ने पिछले 3 वर्षों से लॉर्ड्स में सफेद गेंद वाले मैच खेले है, अगले साल एक और मैच निर्धारित है, लेकिन यह पहली बार होगा जब मैदान महिला टेस्ट मैच में भारत की मेजबानी करेगा। भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद इस साल जून-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी सरजमीं पर खेले गए टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड में अपना पिछला टेस्ट मैच 2021 में ब्रिस्टल में खेला था। यह मैच ड्रॉ पर छूटा था।

द्रविड़, अगरकर और जय शाह की रही भारतीय टीम की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका : रोहित

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक दशक के बाद टी20 विश्व कप में मिली जीत का श्रेय पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह को दिया है। रोहित ने कहा कि इनकी बेहतरीन योजनाओं के कारण ही टीम आईसीसी खिताब हासिल कर पायी। इसका कारण है कि इन तीनों ने ही परिणामों की चिंता किए बिना खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के प्रयास किये थे।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने जून में हुए विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार ये खिताब जीता है। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2007 में ये खिताब जीता था। रोहित ने साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुने जाने के बाद कहा, ''इस टीम को बदलना और आंकड़ों, परिणामों के बारे में ज्यादा चिंता नहीं करना, यह तय करना मेरा सपना था कि हम ऐसा माहौल बनाएं जहां लोग मैदान पर जाकर ज्यादा निडर होकर खेल सकें। '' उन्होंने कहा, ''इसी की हमें जरूरत थी। इस प्रकार के सारे अधिकार उन्हें द्रविड़, शाह और अगरकर से मिले थे। साथ ही कहा कि जीत इसलिए मिली क्योंकि सभी खिलाड़ियों ने समय-समय पर सही से अपनी जिम्मेदारी निभाई।

अफगानिस्तान ने इस भारतीय को बनाया सहायक कोच, 2001 से की थी कोचिंग करियर की शुरुआत

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने भारत के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को अपनी टीम का सहायक कोच बनाया है। वह न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के होने वाली सीरीज में टीम के साथ जुड़ेंगे।

अफगानिस्तान को सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच और फिर दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी है। टेस्ट मैच भारत के ग्रेटर नोएडा तो एकदिवसीय सीरीज शारजाह में खेली जाएगी। श्रीधर लेवल-3 सर्टिफाइड कोच हैं। एसीबी ने कहा है कि भविष्य में श्रीधर का अनुबंध लंबे समय बढ़ाया जा सकता है।

नब्बे के दशक में हैदराबाद के लिए बतौर बाएं हाथ के स्पिनर खेलने वाले श्रीधर ने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत 2001 में की थी। वह 2014 अंडर-19 विश्व कप के समय में भारत की जूनियर टीम से जुड़े। इसी वर्ष उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के साथ भी काम किया। इसके बाद वह 2014 से 2021 तक लगातार सात सालों तक भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच रहे।

इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम, बीसीसीआई ने जारी किया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

मुम्बई (एजेंसी)। 2025 के लिए भारत के इंग्लैंड दौरे का कार्यक्रम गुरुवार को घोषित किया गया जिसमें पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर कार्यक्रम की घोषणा की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, 'घोषणा ! 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीमइंडिया के फिक्स्चर पर एक नजर।'

पांच मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई तक होगा जबकि तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई तक लंदन के प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में होगा। चौथा टेस्ट 23-27 जुलाई तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होगा जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में होगा। यह सीरीज भारत के लिए बेहद अहम होगी क्योंकि उन्होंने 2007 के बाद से इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सरजमीं पर कोई सीरीज नहीं जीती है। उन्होंने राहुल द्रविड़ की कप्तानी में ट्रेंट ब्रिज लार्ड्स पर 1-0 से जीत दर्ज की थी। यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में भी काम करेगा।

भारत के पिछले इंग्लैंड दौरे के दौरान विराट कोहली की कप्तानी में अगस्त से सितंबर 2021 तक चार टेस्ट खेले गए थे, जिसमें भारत 2-1 से आगे चल रहा था। हालांकि कोविड-19 के कारण अंतिम मैच जुलाई 2022 के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था। भारत ने वह मैच एजबेस्टन में जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में खेला था, जिसमें उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे श्रृंखला 2-2 से बराबर हो गई और इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में टेस्ट श्रृंखला जीतने का उनका सर्वश्रेष्ठ मौका चूक गया।

इस साल दोनों पक्षों के बीच खेली गई आखिरी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड को भारत में भारत के हाथों 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम का क्रिकेट के प्रति 'बैजबॉल' दृष्टिकोण भारत के घरेलू वर्चस्व को तोड़ने में विफल रहा जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, स्पिनर रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का प्रभावशाली प्रदर्शन शामिल था। शुभमन गिल, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और आकाश दीप जैसे कई युवा खिलाड़ियों ने भी इस बेहद रोमांचक श्रृंखला में चमक बिखेरी।

श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में कई रिकार्ड बना सकते हैं रुट

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट श्रीलंका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में कई रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। वह इस सीरीज में 5,000 रन पूरे कर सकते हैं। रुट ने अब तक 56 टेस्ट मैचों की 100 पारियों में 49.97 की औसत से 4598 रन बनाए है। अब 5,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें केवल 402 रनों की और जरुरत है। यदि रूट इस सीरीज में 402 रन बनाते हैं, तो वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) में 5,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इससे पहले, उन्होंने डब्लयूटीसी में 4,000 रन बनाये थे। जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन है, जिन्होंने अब तक 45 टेस्ट की 82 पारियों में 3904 रन बनाए हैं। यह आंकड़ा भी रूट के 4,000 रन के रिकॉर्ड के करीब नहीं है। वहीं भारत के रोहित शर्मा 2,552 रनों के साथ 8वें स्थान पर है, जबकि विराट कोहली 2,235 रनों के साथ 14वें स्थान पर हैं। रूट के पास इसके अलावा और भी रिकॉर्ड बनाने का मौका है।

इशान अभी आईपीएल पर ही ध्यान दें : बासित

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि विकेकीपर बल्लेबाज इशान किशन को फिलहाल आईपीएल पर ही ध्यान देना चाहिये। बासित के अनुसार अभी इशात को भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद नजर नहीं आती है। इशान इस साल शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। टीम इंडिया में वापसी के लिए वह अभी बूची बाबू इंविटेशन टूर्नामेंट खेल रहे हैं। इसमें उन्होंने शतक लगाया है पर जिस प्रकार भारतीय टीम में जगह के लिए मुकाबला है उसको देखने हुए उनकी उम्मीदें कम हैं। बासित ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी तक इशान की भारतीय टीम में वापसी नहीं हो सकती। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी उनका जगह मिलने की संभावना नजर नहीं आती है। ऐसे में इस बल्लेबाज को आईपीएल पर ही ध्यान देना चाहिये। इशान अभी रणजी ट्रॉफी सीजन में खेलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इशान ने आखिरी बार 2022 में फर्स्ट क्लास मैच खेला था। वह 2023 में रणजी ट्रॉफी से दूर रहे। इसी कारण क्रिकेट बोर्ड ने नाराज होकर उन्हे केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया। साथ ही साफ कर दिया कि टीम में वापसी के लिए उन्हें घरेलु टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वापसी के बाद और भी घातक हुए बुमराह : साउदी

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट से उबरने के बाद और भी घातक गेंदबाजी करने लगे हैं। बुमराह ने आईसीसी टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया था। साउदी का मानना है कि बुमराह पीठ की चोट से वापसी के बाद से और भी अधिक खतरनाक हुए हैं। इस चोट के कारण बुमराह को पिछले साल अधिकतर समय मैदान से बाहर ही रहना पड़ा। बुमराह ने सितंबर 2022 में बाहर होने के बाद अगस्त 2023 में वापसी करते हुए कई सफलताएं हासिल की हैं। उन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 'पिछले पांच-छह वर्षों में सारे प्रारुपों में खेलने वाला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' करार दिया था। साउदी ने कहा, ''सबसे पहले तो बड़ी चोट से उबरकर वापसी करना और कई प्रारुपों में खेलना मुश्किल होता है पर इसके बाद भी बुमराह का प्रदर्शन बेहतर होता गया है। '' उन्होंने कहा, ''ऐसा लगता है कि वह आसानी से वापसी में सक्षम है। वह शायद अधिक अनुभवी है, अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है। उसने चोट के बाद शानदार तरीके से वापसी की। हमने तीनों ही प्ररुपों में उसका जबरदस्त प्रदर्शन देखा है। मुझे नहीं लगता कि उनसे बेहतर कोई और है। ''

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए अहम होंगे पंत : मैथ्यू हेडन

मुंबई (एजेंसी)। महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को लगता है कि जब भारतीय टीम पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी तो ऋषभ पंत उसके लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे क्योंकि पिछले दौरे पर इस विकेटकीपर बल्लेबाज की जीत की भूख शानदार रही थी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच यह पांच मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

हेडन ने कहा, 'ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी के अंदर जीत की भूख है और उसकी 'मसल मेमरी' (प्रक्रियात्मक स्मृति) शानदार है। पिछली बार जब वह वहां खेला था तो वह अहम खिलाड़ी रहा था और ऑस्ट्रेलिया के दर्शकों को भी उसका खेल काफी पसंद आया था।'' उन्होंने कहा, 'पंत का खेल रोमांचक और बेहतरीन रहा था। फिर आपके पास अनुभवी खिलाड़ी जैसे विराट कोहली हैं जो फिर से अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। बल्लेबाजी को देखते हुए मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि भारत आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर उससे भिड़ने के लिए किस तरह की रणनीति बनाएगा।'

पंत ने 2022 में गंभीर कार दुर्घटना के बाद क्रिकेट में सफल वापसी की, उन्होंने 2020-21 में आस्ट्रेलिया के दौरे पर भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने 97 और नाबाद 89 रन की शानदार पारियां खेली। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे नाटकीय बदलावों में से एक में कई मुख्य खिलाड़ियों की कमी के बावजूद भारत ने आस्ट्रेलिया को हरा दिया था। मेहमान टीम ने शुरुआती एडिलेड टेस्ट में 36 रन पर ऑल आउट होने के बाद वापसी करते हुए 2-1 की जीत से लगातार दूसरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की।

कोहली को एडिलेड मैच के बाद निजी कारणों से स्वदेश लौटना पड़ा था जबकि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी समेत पांच अन्य खिलाड़ियों को चोट और फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण बाहर होना पड़ा था। हेडन ने कहा, 'भारतीय परिपेक्ष्य से यह चीज शानदार है कि पिछली जीत के दौरान उनके पास विराट कोहली नहीं थे। गाबा में जिस टीम ने जीत हासिल की थी, वह दूसरे दर्जे के गेंदबाजी लाइन अप वाली टीम थी।' उन्होंने कहा, 'उस तरह के आत्मविश्वास की आप इस भारतीय इकाई से उम्मीद कर सकते हैं जो हमारी सरजमीं पर जाकर कहे, हमने पहले भी ऐसा किया है, और हमने इसे अपने मुख्य खिलाड़ियों के बिना किया है जो किसी से कम नहीं है।'

वुड पर अधिक बोझ डालना नुकसानदेह होगा : बुचर

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर ने कहा है वह तेज गेंदबाज मार्क वुड की फिटनेस को लेकर चिन्तित हैं। बुचर के अनुसार वुड सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं पर आने वाली सीरीज में उनपर जरुरत से ज्यादा दबाव डालना नुकसानदेह रहेगा। इसलिए उनके कार्यभार प्रबंधन का टीम को ध्यान रखना पड़ेगा। बुचर के अनुसार टीम में गस एटकिंसन और मैथ्यू पॉट्स जैसे नये गेंदबाजों के कारण वुड पर पहले ही अधिक दबाव रहेगा। वुड इस साल वैसे भी फिटनेस से जूझते रहे हैं। साल की शुरुआत में उन्हें बाएं घुटने में चोट लगी थी, जिसके कारण वे कुछ समय के लिए बाहर हो गए थे। हालांकि उन्होंने मई में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से अच्छी वापसी की पर पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के दौरान थकान के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में नये तेज गेंदबाज होने से वुड पर अतिरिक्त भार पड़ सकता है। बुचर ने कहा, चाहे वे अतिरिक्त ऑलराउंडर के साथ जाएं या नहीं, मुझे जो बात चिंतित करती है वह है वुड। मैं उसे चोटिल होते नहीं देखना चाहता, मैं उसे बहुत अधिक काम करते नहीं देखना चाहता। मैं यही कह रहा हू कि वह एक टेस्ट मैच में बहुत अधिक काम कर सकता है। बुचर ने चोट को रोकने और पूरी सीरीज में उसकी प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए वुड के कार्यभार को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया जाता तो हमें वुड को खोना पड़ेगा और इंग्लैंड के लिए ये एक बड़ा झटका रहेगा।

मोहम्मद रिजवान के नाबाद 171 रन, पाकिस्तान की पारी 448-6 पर घोषित

खेल डैस्क। पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के रिकॉर्ड 171 रनों की बदौलत बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान ने 6 विकेट खोकर 448 रन पर अपनी पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान के लिए सऊद शौकील ने भी 261 गेंदों पर 141 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान का इस बड़े स्कोर तक पहुंचना इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने पारी के पहले तीन विकेट महज 16 रन पर ही गंवा दिए थे। इस दौरान पाकिस्तान को सैम अयूब, सऊद शकील और रिजवान का साथ मिला। बांग्लादेश के लिए शौरीफुल इस्लाम और हसन महमूद 2-2 विकेट लेने में सफल रहे।

रिजवान का टेस्ट क्रिकेट में यह तीसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 104 तो साऊथ अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 115 रन बनाए थे। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ रिजवान ने अपने करियर की बेस्ट पारी खेली। रिजवान ने 239 गेंदों पर 11 चौके और तीन छक्कों की मदद से 171 रन बनाए। वह अंत तक नाबाद रहे। एक समय ऐसा लग रहा था कि रिजवान दोहरे शतक की ओर जाएंगे लेकिन इससे पहले ही कप्तान शान मसूद ने पारी घोषित कर बांग्लादेश को बल्लेबाजी के लिए बुला लिया।

पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही थी। शफीक 2, कप्तान शान मसूद 6 तो बाबर आजम 0 पर ही पवेलियन लौट गए। स्कोर जब 16 रन पर तीन विकेट था तब सैम अयूब ने सऊद शकील के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। अयूब ने 98 गेंदों पर 56 रन बनाए। इसके बाद सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान मैच को बांग्लादेश से काफी दूर ले गए। दोनों ने 200 से ज्यादा रनों की पार्टनरशिप की। सऊद ने जहां 261 गेंदों पर 141 रन बनाए तो रिजवान ने नाबाद 171 रन बनाए। शाहीन अफरीदी 29 रन पर नाबाद रहे और स्कोर 448 तक पहुंचा दिया। बांगलादेश के लिए शाकिब अल हसन प्रभाव नहीं दिखा पाए। उन्होंने 27 ओवर में ही महज एक विकेट लेकर 100 रन दे दिए।

हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे स्टोक्स के लिए मुश्किल हो रहा समय बिताना

लंदन। इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स अभी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। इसी कारण वह श्रीलंका के खिलाफ सीरीज भी नहीं खेल पाये। स्टोक्स के अनुसार चोट से उबरने का ये दौरान बेहद कठिन है क्योंकि उनके पास करने को कुछ नहीं है। ऐसे में समय बिताना कठिन हो रहा है। उन्हें द हंड्रेड टूर्नामेंट में एक रन लेते समय ये चोट लगी थी। इसके बाद वह सहारा लेकर ही मैदान से जा पाये थे। उन्होंने कहा, हालांकि अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हू। उस दिन की तुलना में हालात बेहतर है। मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे मुश्किल काम है अपना समय बिताना और बहुत ज्यादा बोर न होना। अभी भी आस-पास रहना और शामिल होना बहुत बढ़िया है। फिर उम्मीद है कि मैं शीघ्र वापसी कर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में खेलूंगा। स्टोक्स के बाहर होने से अभी ओली पोप टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि ओली टेस्ट टीम में भी वही भावनाएं लाना जारी रखेंगे, हालांकि उनका व्यक्तित्व अलग होगा। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए वाकई उत्साहित हू। मैंने उन्हे उप-कप्तान इसी लिए बनाया था क्योंकि उन्हें खेल की अच्छी समझ है और योजनाओं के मामले में हम एक जैसे हैं। मैंने हमेशा पाया है कि जब वह मेरे पास आते थे, तो वह कुछ ऐसा होता था जो मेरे दिमाग में पहले से ही होता था। स्टोक्स ने कहा, वह मेरे बाहर होने पर कप्तान के तौर पर स्पष्ट पसंद थे और मुझे लगता है कि वह नंबर 3 की भूमिका और अच्छे तरीके से निभा रहे हैं। मुझे उनपर पूरा भरोसा है। मैं हमेशा कहता रहा हू कि जाओ और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो। यही जिम्मेदारी वह निभा रहे हैं।

डायमंड लीग: एक्शन में नजर आएंगे नीरज चोपड़ा, हैट्रिक पर नजरें

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद गुरुवार, 22 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में पहली बार एक्शन में नजर आएंगे। भाला फेंक सुपरस्टार शेष प्रतियोगिताओं में बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे, जिसमें 13 सितंबर को ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल भी शामिल है।

पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बावजूद नीरज चोपड़ा पूरी तरह से खुश नहीं थे। ओलंपिक चैंपियन के रूप में उन्हें पाकिस्तान के अरशद नदीम ने हराया जिन्होंने पेरिस में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता। निरंतरता पर जोर देने वाले नीरज ने सीमाओं को आगे बढ़ाने और 90 से अधिक थ्रो करने का लक्ष्य रखने की आवश्यकता के बारे में बात की। चोटों के मुद्दों को देखते हुए यह देखना बाकी है कि नीरज लुसाने में खुद को आगे बढ़ाएंगे या नहीं। हालांकि, नीरज पोडियम के शीर्ष पायदान पर रहने और डायमंड लीग फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उत्सुक होंगे।

नीरज अगर 10-मैन फील्ड में शीर्ष पर रहते है तो वे लुसाने में जीत की हैट्रिक पूरी कर सकते है। गुरुवार को होने वाले बड़े शो से पहले नीरज स्विट्जरलैंड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। नीरज ने 87.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ 2023 में लुसाने डायमंड लीग जीती। नीरज ने 2022 में 89.08 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ लुसाने डायमंड लीग जीती थी।

नीरज डीएल स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर

अरशद नदीम के अलावा सीजन में हर दूसरा शीर्ष थ्रोअर लुसाने में एक्शन में होगा। मंगलवार को लुसाने के अलावा एक और डायमंड लीग अपने कार्यक्रम में पुरुषों की भाला फेंक के साथ 5 सितंबर को ज्यूरिख में भिड़ेगी। नीरज वर्तमान में डायमंड ट्रॉफी 2023 के विजेता जैकब वडलेज 14 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं जिन्होंने दोहा में जीत हासिल की और पेरिस में तीसरा स्थान हासिल किया। एंडरसन पीटर्स 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 8 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, ये सभी पेरिस में जीत से आए हैं।

नीरज दोहा में दूसरे स्थान पर रहने के बाद 7 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं, यह भारतीय डायमंड लीग की एकमात्र मीटिंग है जिसमें उन्होंने सीजन में अब तक भाग लिया है। शीर्ष 6 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। नीरज ने 2022 में डायमंड ट्रॉफी जीती और 2023 में डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। जैकब वडलेज डायमंड लीग में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता को पेरिस में पोडियम स्थान से बाहर कर दिया गया था क्योंकि वह 88.50 मीटर फेंकने के बावजूद पांचवें स्थान पर रहे थे।

जान्हवी कपूर से जुड़ी इस बात से हैरान हैं गुलशन देवैया

गुलशन देवैया हाल में ही जान्हवी कपूर के साथ फिल्म उलझ में नजर आए थे। फिल्म में उनके अभिनय को काफी सराहा भी गया था। अभिनेता फिल्मों के अलावा अपने विचार बेबाकी से रखने के लिए भी जाने जाते हैं। हाल में ही उन्होंने इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने इस दौरान स्टार किड्स को लेकर दर्शकों की उत्सुकता पर भी बात की है। अभिनेता ने हाल में ही गैलाटा पल्स के साथ इंटरव्यू के दौरान इस पर अपनी राय जाहिर की है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं समझ आता कि जान्हवी कपूर को सोशल मीडिया पर क्यों ट्रोल किया जाता है। अभिनेता ने कहा कि हो सकता है कि रेडिट पर एक खराब आस्क मी एनिथिंग की वजह से ऐसा हुआ हो, जो योजना के अनुसार घटित नहीं हुआ। इसके बावजूद उनके लिए हो रही ट्रोलिंग के स्तर से वह काफी हैरान हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की नकारात्मकता का हकदार कोई नहीं हो सकता। स्टार किड्स को मिलने वाले विशेषाधिकारों के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, हो सकता है कि उनके पास कुछ फायदे हों, लेकिन कई मामलों में ये फायदे के रूप में काम नहीं करता। हां, हो सकता है कि इनमें से कुछ लोगों को अधिक अवसर मिलें, लेकिन वे असफल भी होते हैं। काफी असफल होते हैं, क्योंकि दर्शक शुरुआत में उनके लिए उत्साहित होते हैं, लेकिन 2-3 फिल्मों के बाद उतना उत्साह नहीं रह जाता। उनमें से कई तो ऐसे हैं, जो अब काम भी नहीं करते।

बताते चलें कि कुछ समय पहले गुलशन ने जान्हवी कपूर के साथ तालमेल न बैठने का बयान दे कर हलचल मचा दिया था। उन्होंने न्यूज 18 इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उनकी जान्हवी के साथ तालमेल बहुत अच्छी नहीं रही थी। हालांकि, अभिनेता ने साफ कर दिया था कि इसका असर उनके काम पर नहीं पड़ा था। उन्होंने साफ करते हुए कहा था कि तालमेल की कमी की वजह से उन्हें किसी भी सीन को करते वक्त अभिनेत्री के साथ जुड़ाव की कमी महसूस नहीं हुई थी।

वॉर 2 में कमांडो फाइट करती दिखेंगी कियारा आडवाणी?

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेत्री के पास कतार में कई फिल्में हैं, जिनमें से एक है अयान मुखर्जी की वॉर 2, जिसमें वे बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी पाने के लिए प्रशंसक काफी उत्साहित रहते हैं। वहीं, अब कियारा आडवाणी के किरदार को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जिसने फैंस के उत्साह को और बढ़ा दिया है।

ऋतिक-कियारा के एंट्री सीन्स की शूटिंग पूरी

रिपोर्ट्स के अनुसार, कियारा आडवाणी फिल्म में कमांडो फाइट सीक्वेंस में शामिल होंगी। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग में तेजी से चल रही है। वहीं अब सोशल मीडिया पर अभिनेत्री की भूमिका को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। दावा किया जा रहा है कि ऋतिक और कियारा ने हाल ही में अपने इंट्रोडक्शन सीन की शूटिंग की है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक जापानी दुश्मनों के साथ शाओलिन मंदिर के बैकग्राउंड में लड़ेंगे, वहीं कियारा एक लड़ाकू के रूप में शॉपिंग मॉल मे उनके एंट्री सीन्स के लिए कमांडो फाइट करती नजर आएंगी। यह दृश्य मुंबई के मलाड स्थित इनफिनिटी मॉल में शूट किया गया था। शूटिंग वहां चार दिनों तक जारी रही।

वाईआरएफ की छठी स्पाई फिल्म

वॉर 2 वाईआरएफ द्वारा बनाई गई स्पाई दुनिया की छठी फिल्म होगी। इससे पहले आई फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 शामिल हैं। यह फिल्म अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर आने वाली है।

अल्फा में हुई ऋतिक रोशन की एंट्री!

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ जल्द ही यशराज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं। फिल्म में दोनों अभिनेत्रियों को एक्शन अवतार में देखने का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन द रेलवे मेन जैसी शानदार वेब सीरीज बना चुके शिव रवैल कर रहे हैं। इस बीच अल्फा को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब इस फिल्म में ऋतिक रोशन की भी एंट्री हो गई है। आगामी जासूसी थ्रिलर फिल्म अल्फा में वह विशिष्ट भूमिका में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक का किरदार इस स्पाई यूनिवर्स की अन्य कहानियों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करेगा। मेकर्स का यह दांव फिल्म को सुपरहिट बनाने में बड़ी मदद कर सकता है। यशराज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर में ऋतिक को एजेंट कबीर की भूमिका में देखा गया था। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के किरदार खालिद के साथ उन्होंने ऐसा दमदार एक्शन दिखाया था कि दर्शक अपनी सीट से चिपके रहने पर मजबूर हो गए थे। अब अल्फा में उनके कैमियो के जरिए इस स्पाई यूनिवर्स की जोड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। अल्फा में आलिया भट्ट और शरवरी के साथ बॉबी देओल और अनिल कपूर भी नजर आएंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में ऋतिक की भूमिका को गुप्त रखने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, ऐसा कहा जा रहा है कि वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण क्षण में दिखाई देंगे, जो संभवत: इस यूनिवर्स की भविष्य की फिल्मों में एक बड़े क्रॉसओवर के लिए मंच तैयार करेगा। प्रशंसक ऋतिक के कबीर को फिर से एक्शन में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, भले ही यह सिर्फ एक कैमियो के लिए हो, क्योंकि उनका किरदार भारतीय सिनेमा की जासूसी शैली में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले किरदारों में से एक है।



राइफल क्लब से डेब्यू करने जा रहे हैं रैपर हनुमानकाइंड

इन दिनों इंटरनेट पर जो-जो नाम वायरल हो रहे हैं, उनमें एक नाम रैपर हनुमानकाइंड का भी है, जिनके गाने बिग डॉग्स ने धमाल मचा रखा है। अब खबर आ रही है कि हनुमानकाइंड जल्द ही अपने अभिनय करियर की भी शुरूआत करने जा रहे हैं। उनके लिए यह फिल्म काफी खास होने वाली है। रैपर हनुमानकाइंड, जिस फिल्म से अभिनय की दुनिया में कदम रखेंगे, उसका नाम राइफल क्लब है। यह एक मलयालम फिल्म है, जिसका निर्देशन आशिक अबू ने किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से हनुमानकाइंड का लुक भी शेयर किया है। उनके किरदार का नाम भीरा होगा। राइफल क्लब के इस पोस्टर में भीरा के किरदार में हनुमानकाइंड को हाथ में बंदूक थामे देखा जा सकता है। उनका लुक काफी खतरनाक लग रहा है। इस फिल्म में निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी अभिनय किया और हनुमानकाइंड उन्हीं के बेटे का किरदार अदा कर रहे हैं। बता दें कि राइफल क्लब के जरिए अनुराग कश्यप मलयालम सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। राइफल क्लब में अनुराग कश्यप और हनुमानकाइंड के साथ-साथ विनीत कुमार, सुरेश कृष्णा, दर्शना राजेंद्रन, सुरभि लक्ष्मी, रमजान मुहम्मद, रफी, उन्नीमाया प्रसाद और विजयराघवन ने भी अभिनय किया है।

यूनाइटेड किंगडम में काम करना चाहती हैं परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा ने बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्रियों में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह पिछले कुछ सालों में कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में अमर सिंह चमकीला में उनके अभिनय को दर्शकों से खूब सराहना मिली। इस बीच, अभिनेत्री, जो वर्तमान में यूके में अपनी छुट्टियां मना रही हैं, ने यूरोपीय राष्ट्र में काम के अवसरों को तलाशने की इच्छा भी जताई है।

हाल ही में ईस्टर्न आई के साथ बातचीत के दौरान, परिणीति चोपड़ा से पूछा गया कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखते हुए, क्या उन्होंने कभी भारतीय सिनेमा से दूर पश्चिम में काम करने के बारे में सोचा है। इस टिप्पणी से उत्साहित, अभिनेत्री ने तुरंत खुलासा किया कि वह काम के अवसरों के लिए तैयार हैं। उसने कहा, ओह, बहुत-बहुत धन्यवाद। क्यों नहीं? वास्तव में, मैं वास्तव में यूके में काम करना चाहती हूं और अवसरों की तलाश करना चाहती हूं। यह कुछ ऐसा है जिसमें मेरी बहुत दिलचस्पी होगी, शायद हॉलीवुड की तरह पश्चिम में नहीं। यूके में ही कुछ रचनात्मक। इसके अलावा, परी ने आगे जाने की अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपने करियर के उस चरण में हैं जहां वह मात्रा से अधिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देती हैं। उनके अनुसार, भले ही गुणवत्ता का मतलब सिर्फ एक और फिल्म करना हो, यह ठीक रहेगा क्योंकि एक प्रोजेक्ट को अमर सिंह चमकीला की तरह उन्हें अंदर से उत्साहित करना चाहिए। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए खुलासा किया कि उन्होंने दो साल पहले चमकीला में काम किया था, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि वह भूमिका करने के लिए उत्साहित थीं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी सीख ऐसी भूमिकाएँ करना है जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से उत्साहित करती हैं, होमवर्क की आवश्यकता होती है और लोगों के दिलों को छूती हैं। उन्होंने कहा, यह अब वह अनुभव है जिसकी मुझे तलाश है। परिणीति इन दिनों लंदन, यूनाइटेड किंगडम में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने अक्सर ब्रिटिश राजधानी में अपने सुखद समय की झलकियाँ साझा की हैं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, परी को आखिरी बार इम्तियाज अली की अमर सिंह चमकीला में देखा गया था, जिसमें दिलजीत दोसांझ भी थे। यह बायोग्राफिकल ड्रामा पंजाब के दिग्गज गायक के जीवन पर आधारित था, जो रिकॉर्ड तोड़ने वाले गीतों के लिए जाने जाते थे। यह फिल्म इस साल की शुरुआत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों और आलोचकों से समान रूप से अपार प्यार और सराहना मिली थी।

अच्छे को-स्टार्स के लिए जूझ रही हैं एक्ट्रेसेस

सशक्त महिला किरदारों के लिए मशहूर एक्ट्रेस तापसी पन्नू के अनुसार, नायिका प्रधान होने के कारण नामी हीरो उनकी फिल्में करने से कतराते हैं। देखा जाए तो तापसी बिल्कुल सही हैं। बॉलीवुड के ज्यादातर हीरो महिला केंद्रित फिल्मों से दूर ही दिखते हैं। हालांकि, हाल ही में आई जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ में गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू साथ खड़े नजर आए तो शरवरी वाघ स्टारर वेदा में जॉन अब्राहम खुद को उनका सारथी कहते दिखे।

मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में चार सीन और दो गाने करती कटरीना कैफ हो या फिर सलमान खान की बजरंगी भाईजान में चंद सीन में दिखतीं करीना कपूर खान, बॉलीवुड की हीरो सेंट्रिक फिल्मों में एक्ट्रेसेस अकसर साथी या सहयोगी की भूमिका में नजर आती रही हैं। मगर अब जरा ये रोल रिवर्स यानी हीरो ही जगह हीरोइन सेंट्रिक फिल्म करके देखिए, क्या दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, आलिया भट्ट या तापसी पन्नू की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्मों में आप शाहरुख, आमिर, सलमान छोड़िए, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन या वरुण धवन जैसे सितारों की कल्पना भी कर सकते हैं? नहीं ना, क्योंकि नायक प्रधान बॉलीवुड के ज्यादातर हीरो नायिका का साथी या सारथी बनने में अपनी तौहीन समझते हैं।

बॉलीवुड में एक अरसे से एक्ट्रेसेस पुरुष प्रधान फिल्मों का हिस्सा बनती रही हैं, फिर उनमें उनका रोल हीरो की गर्लफ्रेंड या सिर्फ ग्लैमर जोड़ने भर का क्यों ना रहा है। खास बात यह है कि ज्यादातर एक्ट्रेसेस उसमें भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। जबकि, वक्त बदलने के साथ अब जब नायिका प्रधान फिल्में भी काफी संख्या में बन रही हैं, हीरोज उनका हिस्सा बनने का साहस नहीं दिखा पाते। मसलन, रणवीर सिंह की गली बॉय में गर्लफ्रेंड सकीना के रोल में आलिया भट्ट दिख जाएंगी, लेकिन आलिया की गंगूबाई काठियावाड़ी या जिगरा में शांतनु माहेश्वरी या वेदांग रैना जैसे नए चेहरे ही नजर आते हैं। अक्षय कुमार की बेल बॉटम या जॉली एलएलबी 2 में हुमा कुरैशी आपको दिखेंगी, पर जब वह तरला बनती हैं, तो उनके पार्टनर के तौर पर शारिब हाशमी साथ खड़े दिखते हैं। मुल्क से लेकर थप्पड़, रश्मि रॉकेट, शाबाश मिथु, हसीन दिलरुबा तक अपनी हर फिल्म में दमदार भूमिकाए निभाने वाली तापसी पन्नू ने कई मौकों पर यह खुलासा किया है कि उन्हें हर फिल्म में अच्छे मेल को-स्टार के लिए संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि उनकी फिल्मों में महिला किरदार ज्यादा सशक्त होता है। बकौल तापसी, हर बार जब मैं प्रोड्यूसर्स के साथ अपनी फिल्मों के लिए चुने गए टॉप पांच मेल एक्टर्स के नामों पर चर्चा करती हूं तो वो एक्टर्स वो होते हैं जिन्होंने सिर्फ एक या दो फिल्में की हैं और वो भी भूमिका नहीं चाहते हैं। कई मेल एक्टर्स ने ये बात खुद मुझसे कही है कि हम वो फिल्में नहीं कर सकते, जिनमें महिला किरदार बहुत स्ट्रॉन्ग हो।

मेल एक्टर्स में होती है असुरक्षा

तापसी के मुताबिक, ये स्टार अपने अभिनय को लेकर असुरक्षित हैं या उन्हें लगता है कि महिला प्रधान फिल्मों का छोटा हिस्सा बनने से उनका स्टार पावर कम हो जाएगा। तापसी के होम प्रॉडक्शन की पहली फिल्म ब्लर और हाल ही जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म उलझ में नजर आए एक्टर गुलशन देवैया भी एक हद तक ऐसी असुरक्षा पर सहमति जताते हैं। इस बारे में गुलशन कहते हैं, ऐसी इनसिक्योरिटीज होती हैं। पहले मेरे अंदर भी इस चीज को लेकर असुरक्षा की भावना थी। एक वक्त पर मुझे भी इन चीजों से फर्क पड़ता था कि पता नहीं करना चाहिए या नहीं, लेकिन मैंने तय किया कि मुझे इन इनसिक्योरिटीज से बाहर निकलना है। अब मैं वही काम करता हूं जो मुझे इंट्रेस्टिंग लगता है। अब मैं ये सब नहीं सोचता कि मेरे साथ कौन सीन में है, मुझे सीन में चमकने का मौका मिलेगा या नहीं। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हीरो कौन है? मुझे फिल्म पसंद आ रही है तो मैं वो करूंगा।

वहीं, अपनी फिल्म हसीन दिलरुबा का सीक्वल फिर आई हसीन दिलरुबा लेकर आ रहीं राइटर-को प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लन कहती हैं, मेरा मानना है कि आप जिस एक्टर्स के पास कहानी लेकर जाएंगे, उसे जस्टिफाई करना पड़ेगा कि वह रोल उसके लायक है। जैसे, मनमर्जियां में तापसी के साथ अभिषेक बच्चन और विक्की कौशल दोनों हैं और उसमें तीनों की कहानी अहम है, लेकिन रश्मि रॉकेट में मेन किरदार लड़की का ही है। ऐसे में, अगर मेल एक्टर को लगे कि उसके लिए कुछ करने को ही नहीं है तो वह जायज है। कोई फीमेल आर्टिस्ट भी यही सोचेगी कि मेरे लिए कुछ है या नहीं, जो वाजिब बात है।